MOTION OF THANKS ON THE ADDRESS BY THE VICE-PRESIDENT DISCHARGING THE FUNCTIONS OF THE PRESIDENT —*continued.*

श्री गंगा शरण सिंह (बिहार) : उप-सभापति महोदया, कल मैं काश्मीर के सम्बन्ध में निवेदन कर रहा था। दुर्भाग्य हमारा यह रहा है कि काश्मीर के सम्बन्ध में जिस सफाई से और जिस मुस्तैदी से बातें होनी चाहिये थीं उस तरह से नहीं हुईं। आज भी जो कुछ हुआ, जो कुछ मिनिस्टर साहब ने कहा, नाम बतलाने के बारे में, वह भी, इस बात का सबूत है कि एक तरह की सीक्रेसी का, एक तरह की गुप्तता का, एक तरह का रहस्यमय वातावरण वह काश्मीर में बनाए रखना चाहते हैं और उसके चलते बहुत नुकसान हो चुका है। पहले भी हुआ है और अभी भी वह जारी है और शायद आगे भी वह रवैय्या जारी रहे। अगर यह रवैय्या जारी रहेगा तो उससे हमारे मुल्क के लिये दिक्कतें पैदा होंगी। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि काश्मीर के मामले में और ज्यादा सफाई से बात होनी चाहिये, ज्यादा सफाई से काम होना चाहिये। यदि बाल की चोरी का सवाल लिया जाय तो चोरी हुई यह बात समझ में आ भी सकती है, लेकिन चोरी होने के बाद जब फौज के लोग वहां मौजूद थे, पुलिस के लोग मौजूद थे जनता के हजारों आदमी मौजूद थे, ऐसी हालत में वह बाल कैसे फिर से रख दिया गया, कब रख दिया गया, यह बात अभी भी समझ में नहीं आती और इसके मामले में चूंकि सफाई से बातें नहीं कही गई हैं इसलिये उसका नतीजा यह है कि तरह तरह के रयूमर्स, तरह तरह की अफवाहें आज काश्मीर में और काश्मीर के बाहर चल रही हैं। कुछ अफवाहों का जिक्र कल मैंने किया था। और भी अफवाहें आज हमारे मुल्क में चल रही हैं, मैं उनका जिक्र करके आपका समय नहीं लेना चाहता। लेकिन मैं सिर्फ इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि काश्मीर के मामले में जितनी सीक्रेसी बरती जा रही है, जरूरत से ज्यादा सीक्रेसी बरती जा रही है, उससे मामला कुछ बिगड़ता जा रहा है। यहां मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जो मुकदमा इस सिलसिले में चले वह खुले आम चलना चाहिये। जो ट्रायल होना चाहिये वह ट्रायल कोई सीक्रेट ट्रायल नहीं होना चाहिये, प्राइवेट ट्रायल नहीं होना चाहिये। आम जनता के सामने वह खुला हुआ ट्रायल हो तब उसके साथ न्याय हो सकेगा और तब हिन्दुस्तान की जनता की शंका का समाधान होगा। अब तक जो मुकदमा चल रहा है काश्मीर में, मैं उसकी तफसील में नहीं जाना चाहता। जितने दिनों से वह चल रहा है जिस तरह धीरे धीरे, कछुए की गति से उस मुकदमे की कार्यवाही हो रही है, उसको देखते हुए मैं नहीं जानता कब तक उसका फैसला होगा। जो मुकदमे की गति है उससे न काश्मीर का नाम ऊंचा हो रहा है, न हिन्दुस्तान का नाम ऊंचा हो रहा है। इसलिये मैं यह चाहूंगा कि जो नया मुकदमा चले उसमें सफाई से काम चले और कुछ कहने का मौका लोगों को न मिले। जहां तक हमारा सवाल है हम शुरू से ही काश्मीर के पूरी तरह से देश के साथ समन्वय के पक्ष में रहे हैं, हम शुरू से चाहते रहे हैं कि काश्मीर का पूरे तौर पर देश के साथ इन्टीग्रेशन हो। आज भी हमारा वही मुतालबा है, आज भी वही मांग है। मेरा ख्याल है कि अगर शुरू में काश्मीर का इन्टीग्रेशन, पूरा समन्वय, देश के साथ हुआ होता तो आज जो समस्याएं देश के सामने आई हैं, काश्मीर के सामने आयी हैं, उनमें से बहुत सी समस्याएं नहीं आतीं। आज मैंने अखबार में पढ़ा कि हमारे मिनिस्टर शास्त्री जी ने कल उस सदन में कहा कि काश्मीर के सभी लोग यह चाहते हैं और कुछ उन्होंने इस सम्बन्ध में बातें कहीं। अगर यही बात पहले कही जाती और पहले उस पर अमल किया जाता तो मेरा ख्याल है कि बहुत सी मुश्किलात हमारी आसान हो सकती थीं। इस सम्बन्ध में काफी विलम्ब हो चुका है, काफी देरी हो चुकी है, इसलिए लोग चाहते हैं कि काश्मीर के मामले में अब ज्यादा देरी नहीं करनी चाहिये और इन्टीग्रेशन की पूरी

पूरी कोशिश की जानी चाहिये; नहीं तो यह बीच की चीज चलने वाली नहीं है। अगर काश्मीर हमारे देश का हिस्सा है तो जिस तरह से देश के और हिस्से हैं और जिस तरह से और हिस्सों के साथ बर्ताव किया जाता है उसी तरह से उसके साथ भी बर्ताव किया जाना चाहिये। अगर सरकार समझती है कि वह हमारा हिस्सा नहीं है, अगर दिल में चोर है, तो वह बात साफ कहिये। इस तरह हां या ना कहने से बात साफ मालूम नहीं होती है। इस तरह से यह बात नहीं चलनी चाहिये जैसा कि पिछले जमाने में काश्मीर के सम्बन्ध में दुविधा से काम लिया गया। मैं देखता हूं कि वही दुविधा जो दिल में पहले काश्मीर और हिन्दुस्तान के सम्बन्ध में थी वही आज भी है। अगर यह दुविधा चलती रही तो इससे देश को नुकसान होगा। इसलिए काश्मीर का पूरी तरह से इन्टीग्रेशन हमारे देश के साथ होना चाहिये। जैसे देश के दूसरे बाशिन्दे हैं, जैसे देश के दूसरे राज्य हैं और जैसे उनके अधिकार और कर्तव्य हैं वैसे ही काश्मीर के होने चाहियें। यह हमारी मांग है।

अब जहां तक सवाल है राष्ट्रपति जी के भाषण का और उसमें जिन विषयों के बारे में जिक्र किया गया है उसके सम्बन्ध में मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। यह ठीक है मुनासिब है कि उपराष्ट्रपति के अभिभाषण में प्रेजीडेण्ट केनेडी की मृत्यु का जिक्र किया गया। लेकिन मुझे अफसोस होता है—प्रेजीडेंट केनेडी की मृत्यु का जिक्र किया गया, वह मुनासिब किया गया, लेकिन हमारे देश के जो सबसे पहले राष्ट्रपति थे यानी भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद के निधन के बारे में, उनकी मृत्यु के बारे में, उप राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कोई जिक्र नहीं किया गया। मैं नहीं समझ सका हूं कि यह गफलत जो हुई है उसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह एक शर्मनाक बात है कि हमारे देश के पहले राष्ट्रपति की मृत्यु का उप-राष्ट्रपति के अभिभाषण में कोई जिक्र नहीं किया गया है। इस भाषण को जब मैंने पढ़ा और इस बात पर ध्यान आया तो मेरा सर शर्म से झुक गया। यह गफलत जिसकी भी तरफ से हुई है एक शर्मनाक गफलत है और इससे हम सब लोगों का सर नीचे हो जाता है।

मैं यह उम्मीद करता था कि हमारी सरकार और सरकार के लोग ज्यादा एलर्ट होंगे, ज्यादा मुस्तैद रहेंगे और जब राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति का भाषण होता तो वे आखिरी एक दो दिन तक की बातों तक का उसमें उल्लेख करते। इस दृष्टि से मैं पाता हूं कि इस भाषण में खामियां हैं। हमारे उपराष्ट्रपति का भाषण जिस रोज हुआ उसके ठीक एक रोज पहले बर्मा के रेवोल्युशनरी कौंसिल के चेयरमैन जेनरल नेविन हमारे मुल्क से गये थे। जहां इस भाषण में दूसरे देशों से आए प्रमुख लोगों का जिक्र हुआ वहां एक दिन पहले ही जो हमारे देश से गये उनका जिक्र नहीं किया गया। इसके बारे में यह कहा जायेगा कि भाषण पहले ही छप चुका था, लिखा जा चुका था, इसलिए उनके बारे में उल्लेख नहीं किया गया। यह तो कहने की चीज है और इसके बारे में एक्सक्यूज और बहाना बनाया जा सकता है। मेरा कहना है कि जिस समय भाषण दिया गया हो उस समय तक की घटनाओं का उल्लेख उसमें होना चाहिये। बर्मा के रेवोल्युशनरी कौंसिल के चेयरमैन जेनरल नेविन का उस भाषण में उल्लेख होना चाहिये था। जहां दूसरे देश के प्रमुख लोगों के आने का उसमें उल्लेख था वहां उनके आने का उल्लेख भी जरूरी था।

महोदया, देश में भ्रष्टाचार के बारे में काफी चर्चा चल रही है और सदन में भी काफी चर्चा चलती रहती है। उपराष्ट्रपति जी के भाषण में भी उसकी चर्चा है और इसके बारे में एक विजिलेन्स कमीशन बनाया गया है जिसकी कि आजकल बड़ी चर्चा है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जितनी चर्चा होती है उसके बारे में तजुर्बा यह हुआ है कि जितनी चर्चा

[श्री गंग शरण सिंह]

इसके बारे में की जाती है उतना ही भ्रष्टाचार बढ़ता जाता है । मैं उम्मीद करता हूं कि विजिलेन्स कमीशन की चर्चा के बाद भी वही रवैय्या जारी नही रहेगा जो अब तक भ्रष्टाचार को रोकने के लिए किया गया था । भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जिस अनुपात से चर्चा हुई उसी अनुपात से भ्रष्टाचार भी बढ़ता गया । यह तो वही कहावत हुई कि मर्ज बढ़ता गया ज्यूं ज्यू दवा की । मैं उम्मीद करता हूं कि आयन्दा उस तरह की बाते नही होंगी । मुझे इसमें इस बात का खतरा है कि जहां तक सरकार के अधिकारियों का प्रश्न है, उसके लिए तो विजिलेन्स कमीशन बनाया गया है लेकिन जहां तक राजनीतिक स्तर पर, मिनिस्टरों के स्तर पर और ऊंची जगहों पर भ्रष्टाचार का सवाल है, उसके लिए कुछ नही किया गया है । मैं जहां तक समझता हूं भ्रष्टाचार कोई नीचे से विस्फोट होने वाला ज्वालामुखी की तरह नही है जो कि पृथ्वी के नीचे से, पहाड़ के नीचे से विस्फोट होता हो । भ्रष्टाचार तो नदी की धारा की तरह है और जिस तरह से नदियां पहाड़ों के ऊपर से होकर नीचे उतरती है, नीचे बहती है, समुद्र तक चली जाती हैं, वैसे ही भ्रष्टाचार की धारा हमारे देश में ऊपर से पैदा होती है । अधिकार के ग्लेशियर में, अधिकार के हिमानी से, वह पैदा होती है और बहती हुई नीचे सतह तक चली जाती है । इसलिए सिर्फ नीचे से ही भ्रष्टाचार को रोकने की कोशिश करना बेकार है । उसका जो स्रोत है, उसका जो उद्गम है वह ग्लेशियर, जहा से भ्रष्टाचार की नदी निकलती है, अगर हम उस स्रोत को रोकने की कोशिश नही करेंगे तो मेरा अपना ख्याल है कि हमारे प्रयत्न बेकार होंगे और उससे कोई फायदा नहीं होगा । इसलिए अगर भ्रष्टाचार को रोकना है तो उसको जहा उसका स्रोत है, उद्गम है, जहा से भ्रष्टाचार पैदा होता है, जहा पर भ्रष्टाचार की जड़ है, वहां पर उसको रोकने की कोशिश करनी चाहिये । अब तक सरकार ने जो कुछ किया है उसका उपराष्ट्रपति जी के अभिभाषण से पता नहीं चलता है । भ्रष्टाचार का जो स्रोत है उसको रोकने के लिए हमारी सरकार की ओर से कौन सी चेष्टा की जा रही है । यह तो जड़ को न पकड़कर शाखा को पकड़ने की कोशिश हो रही है । शाखा को भी पकड़ना चाहिये लेकिन जड़ को पकड़ना बहुत ज्यादा जरूरी है, इसलिए मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं ।

एक बहुत ही दर्दनाक चीज है जिसकी तरफ मैं आप सब लोगों का ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि हमारे देश में जो इमरजेन्सी की घोषणा हुई थी, सारे देश ने, हर पार्टी ने, लोगों ने पूरे दिल से उसका समर्थन किया था । सारा देश और सारे देश की जनता इस इमरजेन्सी के हक में थी । इस इमरजेन्सी की वजह से सरकार को अधिकार प्राप्त हुए जो साधारणतया प्राप्त नही हो सकते थे । लेकिन उसके बाद सरकार ने जैसा बर्ताव किया, जैसा व्यवहार किया, उसका नतीजा यह हुआ कि आज देश में अधिकाश जनता यह चाहने लगी है कि इस इमरजेन्सी को खत्म होना चाहिये । इमरजेन्सी में जिसके लिए अधिकार दिये गये थे उस तरह से काम नही लिया गया और उसका दुरुपयोग किया गया । इमरजेन्सी के लिए इसलिए सरकार को अधिकार दिये गये थे कि देश को तैयार किया जाय, देश को साधनों की दृष्टि से तैयार किया जाय, देश को मनोवृत्ति की दृष्टि से तैयार किया जाय । इसीलिए सरकार को ये अधिकार दिये गये इमरजेन्सी के लिये । लेकिन वह तैयारी नही हुई, या अगर हुई तो देश को पता नही है । भीतर ही भीतर तैयारी हुई हो तो हम नही कह सकते लेकिन बाहर जो तैयारी होनी चाहिये सगठन के जरिये, मनोवृत्ति के जरिये, वह तैयारी हमे देश में देखने में नही आती है । इस इमरजेन्सी का सरकार ने नाजायज फायदा उठाया और दलबन्दी को प्रश्रय दिया गया । डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स का नाजायज फायदा उठाया गया और उसका

नाजायज़ उपयोग किया गया । ऐसी चीज़ों के लिए उपयोग किया गया जिन चीज़ों के लिये नहीं किया जाना चाहिये था और जिस चीज़ के लिये उपयोग किया गया वह शर्म की बात है। जहां साधारण कानून से काम लिया जा सकता था वहां डिफेन्स आफ इन्डिया रूल्स से काम लिया गया। ऐसे दर्जनों उदाहरण दिये जा सकते हैं लेकिन मैं आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं, सिर्फ एक दो बातें इसके संबंध में बतलाना चाहता हूं जिसके बारे में शायद सदन को पता हो । शायद सदन को पता हो और मैं उस चीज़ की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि अपने सदन के दो सदस्य प्रो० मुकुट बिहारी लाल और श्री चन्द्र शेखर डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स के मातहत गिरफ्तार किये गये थे । किस लिये गिरफ्तार किये गये ? क्योंकि वे यू० पी० से दिल्ली गुड़ लाना चाहते थे और गुड़ लाने वालों के खिलाफ डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स का प्रयोग किया गया । मैं नहीं समझता कि इस सदन में कोई ऐसा आदमी होगा या देश में कोई ऐसा आदमी होगा जो यह कल्पना करता होगा कि जब डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स बनाये गये थे तो उसका प्रयोग यू० पी० से दिल्ली गुड़ लाने के लिए किया जायेगा ? क्या डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स यू० पी० से दिल्ली गुड़ लाने वालों के खिलाफ प्रयोग करने के लिये बनाया गया था । एक जमाना था जब हर आदमी तक नमक पहुंचाने के लिए, नमक कानून पर से टक्स उठाने के लिए गांधी जी ने इस देश में एक राष्ट्रीय आन्दोलन किया था । और फ़ख्र के साथ हम सब के सब उसमें जेल गये और हम सब के सब उसमें शामिल हुये । आज शर्म की बात यह है कि हम ऐसी सरकार के मातहत रह रहे हैं जो गुड़ को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने पर डिफेन्स आफ इंडिया रूल्स का प्रयोग करती है, और पार्लियामेंट के मेम्बरों को गिरफ्तार करती है ।

श्री ए० बी० वाजपेयी (उत्तर प्रदेश) : गुड़ का भी चीनी से सम्बन्ध है ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Hang your head in shame. Are you listening, gentlemen of the Treasury Benches.

श्री गंगाशरण सिंह : एक तरफ हम ग्रामोद्योग की बातें करते हैं, एक तरफ हम तमाम दुनिया भर के छोटे उद्योगों की बातें करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ गुड़ के बारे में जो रवैय्या अख्तियार किया गया है, वह मेरी समझ में नहीं आता है । गुड़ के बारे में जो कुछ सरकार कर रही है और जिस तरह से पार्लियामेंट के मेम्बरों पर गुड़ के मामले में आप डिफेंस आफ इंडिया रूल्स लागू कर रहे हैं उससे सरकार को चाहे शर्म लगती हो या न लगती हो, लेकिन मुझ को शर्म आपके इस कारनामे से लगती है ।

आज सिर्फ इतना ही नहीं हुआ है बल्कि जहां कहीं ज़रूरत पड़ी है, ट्रेड यूनियन के लिये जहां कहीं ज़रूरत पड़ी है, वहां अपने दल को, अपनी पार्टी को और सरकार के समर्थकों को बढ़ावा देने के लिये डिफेंस आफ इंडिया रूल्स का प्रयोग किया गया है । गोमिया में मैं जानता हूं, मेरे सूबे का सवाल है, वहां गोमिया में बिहार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के चेयरमैन, भूतपूर्व और वर्तमान जो चेयरमन हैं, उन दोनों को गिरफ्तार किया गया डिफेंस आफ इंडिया रूल्स में, ट्रेड यूनियन के चलते, ट्रेड यूनियन के काम के चलते और ट्रेड यूनियन के झगड़े के चलते । मैं उसमें तफसील से नहीं जाना चाहता । लेकिन कभी यह कल्पना नहीं की गई थी कि जहां आई० एन० टी० यू० सी० के यूनियन के साथ झगड़ा होगा या आई० एन० टी० यू० सी० के वर्कर के साथ झगड़ा होगा, वहां आई० एन० टी० यू० सी० के वर्कर के मुखालिफों के विरुद्ध डिफेंस आफ इंडिया रूल्स का प्रयोग होगा । वहां श्री बसावन सिंह और श्री सूर्य नारायण सिंह जो कि बिहार लेजिस्लेचर के मेम्बर हैं और बिहार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के भूतपूर्व और वर्तमान चेयरमैन हैं, उन दोनों को और उनके साथ कई दर्जन आदमियों को डिफेंस आफ इंडिया रूल्स के मातहत गिरफ्तार

[श्री गंगाशरण सिंह]

कर जेल भेजा गया । अगर यही रवैय्या है डिफेंस आफ इंडिया रूल्स के प्रयोग का अगर यही रवैय्या रहा इमरजन्सी के जमाने मे, अगर इमरजेंसी का यही नाजायज फायदा उठाना चाहते है तो इससे अच्छा यह है कि इमरजेंसी को खत्म कीजिये । असल जो तैयारी होनी चाहिये चीन का हटाने के लिये, उसके लिये क्या तैयारी कर रहे हैं ? अगर कोई तैयारी कर रहे हैं तो वह कम से कम इस सदन के लोगों को नही मालूम है और देश भी नही जानता है । चीन ने जिस जमीन पर दखल कर लिया है उसके लिये क्या कर रहे हैं इमरजेंसी के अधिकार और कानून के जरिये से, उसका पता नही चलता है, लेकिन यहा जो सरकार के दल के विरोधी है, जिनसे मतभेद है उनको दबाने के लिये डिफेंस आफ इंडिया रूल्स का प्रयोग किया जा रहा है । यह नाजायज चीज है और हमने इसकी कभी कल्पना नही की थी जब डिफेंस आफ इंडिया रूल्स के अधिकार दिये गये थे, जिस समय पार्लियामेंट मे वह पास हुआ था या जिस समय इमरजेंसी यहा डिक्लेयर हुई थी । आज बहुमत के बल पर, आज मेजारिटी के बल पर देश के हित मे बनाई गई चीजों को इस तरह जो *नाजायज उपयोग* मे ला रहे है, वह सिर्फ यही नही है कि गलत है बल्कि मैं तो इसको राजनैतिक बईमानी समझता हू जो आज यह सरकार कर रही है ।

SHRI BHUPESH GUPTA: To put it mildly.

श्री गंगाशरण सिंह जहा तक देश की आर्थिक अवस्था का प्रश्न है, दिन पर दिन अवस्था बुरी होती जा रही है और सरकार जो कुछ कोशिश थोडी बहुत करती है वह इतनी देर से करती है, इतना नाकाफी करती है और इस तरीके से करता है कि उसका कोई असर नहीं होता है । आज जो हमारे यहा कास्ट आफ लिविंग का इंडेक्स बनता है आज की परिस्थिति मे और जो हमारी जरूरते है और इस देश के रहने वालो को जिन चीजो की आवश्यकता है उन पर और इंडेक्स निकालने मे जितने मदो का उसमे उल्लेख करके, इंडेक्स बनता है, अगर आप उन दोनो पर गौर करेंगे तो पता चलेगा कि वह चीज काफी आउट-आफ डेट हो गई है और बहुत सी चीजो का, बहुत से मदो का, उससे आज सम्बन्ध नही रह गया है । अभी महाराष्ट्र मे जो लकडावाला कमेटी बनी थी और उसने जो सुझाव दिये थे वे बहुत हद तक सही थे, और जो तरीका हमारा अब तक रहा है उससे वह तरीका कुछ ज्यादा अच्छा है और मेरा खयाल है कि अगर हो सके तो उसमे कुछ और सुधार करके केन्द्रीय सरकार को और दूसरी जितनी प्रादेशिक सरकारे है उनको वह तरीका अख्तियार करना चाहिये । अगर वह तरीका अख्तियार कर *लिया जाता तो शायद* जो इंडेक्स हमारे सामने आ रहे है वे ज्यादा सही आते । लेकिन जो गलत तरीका आपका है, जो बहुत सही तरीका नही है, उसके मुताबिक भी इंडेक्स के नम्बर बढते जा रहे है और उसके मुकाबिले मे आप कोई कार्यवाही नही कर रहे हैं । उसकी पूर्ति के लिये आप कुछ नही कर रहे हैं और जो कर रहे है वह बिल्कुल नाकाफी है । थोडा सा डियरनेस अलाउंस आप देते है लोगो को, लेकिन जब तक आप डियरनेस अलाउंस देते है या देने का फैसला करते है तब तक इंडेक्स का नम्बर फिर आगे बढ जाता है । इस तरह से डियरनेस अलाउंस और महगाई मे जो भाग-दौड मच रही है, उस दौड मे महगाई बराबर आगे रहती है और डियरनेस अलाउंस आपका बराबर पीछे रहता है । वह कभी उसके पास नही पहुच पाता है । आप रफू करने की कोशिश करते है, लेकिन रफू से काम नही चलता है जैसा कि किसी ने कहा है

कपडा सडा गला हो तो मुमकिन नही रफू,
सीते थे आस्तीन, गरेबान फट गया ।

इतना ही नही है, आगे भी है :

बारे गुनाह बढ़ गया उज्रे गुनाह से,

धोने से और दामने ईमां चिकट गया ।

आज जब मैं इस सम्बन्ध में सोचता हूं तो मुझे बार बार यह बात याद आती है :

धोने से और दामने ईमां चिकट गया ।

आज सब से बड़ी ज़रूरत इस बात की है कि हमें बहुत ही मुस्तैदी के साथ, बहुत ही हिम्मत के साथ, बहुत ही उत्साह के साथ आर्थिक क्षेत्र में भी कदम बढ़ाना चाहिये । नहीं तो देश की जो हालत आज हो रही है, देश की जो तबाही हो रही है और मामलों में, अगर आर्थिक मामला उसी तरह से आगे खराब होता गया, तो मुझे लगता है कि हमारे देश की हालत एक रोज़ ऐसी हो जायगी जिससे फिर हमारा निस्तार नहीं हो सकेगा । एक ओर तो महंगाई आगे बढ़ती जा रही है और दूसरी ओर बेकारी का भी वही हाल है । बेकारी के लिये आप कोशिश करते हैं, लेकिन जो बैकलाग है, जो पहले से बेकारी चली आ रही है उसमें बजाय कम होने के बेकारी और बढ़ती ही जाती है । यह महंगाई और बेकारी का सवाल ऐसा है कि मुझे लगता है कि दोनों तरफ से ये मुंह बाये हमें खाने को आ रही हैं और हमारे देश की जो आर्थिक नीति है, उसका पता नहीं क्या हाल होगा; इन दोनों महंगाई और बेकारी के चक्कर में पड़ कर और इसमें सैंडविच हो कर हम क्या हो जायेंगे, मेरी समझ में नहीं आ रहा है ।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. GOVINDA REDDY) in the Chair]

स्माल स्केल इंडस्ट्रीज़ की बहुत चर्चा होती है, लेकिन सारी चर्चा के बावजूद अगर सारे देश के भीतर आज आप ग़ौर करें तो पता चलेगा कि इन गृह उद्योगों की जैसी बुरी हालत है वैसी बुरी हालत शायद किसी की नहीं है । कहीं स्कीम ही नहीं बन पाई है । कहीं उनके लिये रा मैटीरियल ही नहीं है, कच्चा माल ही नहीं है । अगर कहीं कच्चा माल है तो फिर उसके लिये उनके पास साधन नहीं हैं । उसके लिये जो उनको उधार मिलना चाहिये, उसके लिये उनको जो पैसा मिलना चाहिये, उसकी भी आज कमी मालूम होती है । हमारे देश की जो अवस्था है, हमारे देश में जितनी बेकारी है, हमारे देश में जितनी जनसंख्या है, उसको देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि छोटे छोटे उद्योगों के बग़ैर हमारे देश का उद्धार नहीं होने वाला है । छोटे छोटे उद्योगों के बग़ैर न तो हमारी आर्थिक अवस्था सुधरेगी और न हमारी बेकारी दूर होगी । इसीलिये छोटे उद्योगों की ओर आज सब से अधिक हम लोगों को ज़ोर देना चाहिये ।

ऐसे बहुत से गांव हैं जहां आपने बिजली दे दी है । ऐसे बहुत से गांव मैं जानता हूं बिहार में भी और दूसरे सूबों में भी जहां आपने बिजली दे दी, आपने बिजली के खम्बे खड़े कर दिये, बिजली पहुंचा दी, लेकिन गांव वालों को यह नहीं बताया कि बिजली का उपयोग उद्योगों के लिये किस तरह करना चाहिये, उनको साधन नहीं दिये, नहीं बतलाये । जो हिन्दुस्तान के गांव हैं उनमें कितने लोग ऐसे हैं जो बिजली का उपयोग कर सकते हैं सिर्फ पखों के लिये और रोशनी के लिये और सिर्फ आराम की चीज़ों के लिये । गांवों में अगर आपने बिजली पहुंचाई है, तो उसके साथ ही साथ आप को वहां स्कीमें पहुंचानी चाहियें कि उन गांवों में बिजली का क्या उपयोग होगा, उसका उद्योग से क्या सम्बन्ध होगा, और गांवों में जो कृषि होती है उस कृषि से उसका क्या सम्बन्ध होगा, लेकिन उसमें कोई समन्वय नहीं है । गांवों में जो आप बिजली दे रहे हैं उसके साथ कृषि और उद्योगों का समन्वय नहीं है । हज़ारों गावों में आपने बिजली दी है । उसमें एक तो गवर्नमेंट को घाटा देना पड़ता है और कुछ बड़े लोग अपने घरों में रोशनी लगा सकते है, पंखे लगा सकते हैं, लेकिन बाकी गांव वाले जो गांवों में बिजली जाती है उस बिजली से फायदा नहीं उठा सकते हैं । यह मैं व्यक्तिगत तजुर्बे की बिना

[श्री गगाशरण सिंह]

पर बहुत से गांवों को देख करके कह रहा हूं। आज ऐसा लगता है कि जैसे सब कुछ विशृंखल हो गया है। कोई शृंखलता हमारे बीच में नही है, कोई समन्वय नही है, कोई सामंजस्य नही है। अगर हमारे देश को आगे बढ़ना है तो हमारे देश में जो नीति चलेगी उसमें कृषि और छोटे उद्योगों के बीच में एक सामंजस्य और समन्वय करना होगा और बिजली का उपयोग अधिक से अधिक हमारे गांव वालो को सिखलाना होगा। इस दिशा में मैं लेनिन के उस कथन और कार्य की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि रूस में क्रांति होने के बाद लेनिन ने सब से ज्यादा ज़ोर जिस पर दिया था, वह इलेक्ट्रीफिकेशन पर ज़ोर दिया था, बिजली पर ज़ोर दिया था और बिजली हर जगह पहुंचाने की उसने चेष्टा की थी और साथ ही साथ बिजली के उपयोग की भी चेष्टा की थी। मैं आप से यही कहना चाहूंगा कि आज जो कुछ एकांगीरूप से कर रहे हैं वह एकांगी-रूप से नहीं होना चाहिये बल्कि उसका समन्वय का रूप होना चाहिये, उद्योग का भी और कृषि का भी।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में दो बातों का मुख्यत: जिक्र होना चाहिये, लोग यह अपेक्षा रखते हैं—एक तो पिछले वर्ष से इस वर्ष तक भाषण के समय तक जो मुख्य घटनायें हुई हों उनके सम्बन्ध में कुछ जिक्र होना चाहिये और दूसरा यह कि आगे के सम्बन्ध में दिशा का, गति का, कोई उल्लेख होना चाहिये। उस दृष्टि से मैं देखता हूं, मुझे लगता है कि उपराष्ट्रपति का भाषण बिल्कुल ही सूखा, निर्जीव, बिल्कुल ही दिशा-निर्देशहीन है और एक बाजाब्तगी के बयान की तरह से लगता है, उससे किसी तथ्य का या दिशा का या आज की परिस्थिति में आवश्यक चीज़ का पता नहीं चलता। एक और ऐसी बात इस बार हुई है जिसकी तरफ भी मैं सदन का और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं, आम तौर से अगर राष्ट्रपति का, उपराष्ट्रपति का, अभिभाषण होने वाला हो तो अगले साल जो विधेयक आने वाले हों, जो सरकार की नीति हो उनका उल्लेख भाषण में ही सब से पहले हो तो ज्यादा अच्छा है लेकिन इस बार मैंने यह देखा कि उपराष्ट्रपति के भाषण में उनका जिक्र होने के पहले ही यहां के अखबारों में उनका जिक्र हुआ। पता नहीं कि यह चीज़ सरकार के तरफ से दी गई, जानबूझ कर दी गई या अखबार वालों ने अपनी मेहनत के जरिये से, अपने स्कूप के जरिये से हासिल की लेकिन मैं समझता हूं कि हाउस की डिगनिटी, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति की डिगनिटी और पद्धति के लिहाज़ से भी यह आवश्यक है कि जो ऐसी घोषणा हो वह राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के द्वारा हो और अखबारों में पहले से नही निकले। इस बार स्पष्ट रूप से आप पायेंगे कि उपराष्ट्रपति का भाषण जिस रोज हुआ उससे पहले अखबारों में—मैं नाम नहीं लेना चाहता, एक अखबार में—पूरे कानूनों का और सब चीजों का जिक्र छप गया। ऐसा मालूम होता है—किसी मिनिस्ट्री के अफसर ने दिया, किसी मिनिस्टर ने दिया या किसी ने भी दिया हो या बाजाब्ता सरकार की तरफ से वह दिया गया हो। उन चीजों का उल्लेख भी उस समाचार पत्र में किया गया जिन में से कुछ का तो उल्लेख राष्ट्रपति के भाषण में हुआ ही नहीं लेकिन सब चीजों का जिक्र समाचार पत्र में किया गया। इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार इस बात का ध्यान रखे कि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति का भाषण जब होने वाला हो तो ऐसी बातों का जिक्र—अखबार वालों को आबलाइज करने या अपने व्यक्तिगत स्वार्थ-साधन की वजह से इस तरह की बात न करके—उपराष्ट्रपति के भाषण द्वारा ही किया जाय तो ज्यादा अच्छा होगा और यह ज्यादा उपयुक्त होगा। इन शब्दों के साथ मैं आपसे क्षमा चाहता हूं।

श्री भगवत नारायण भार्गव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय मैं इस

प्रस्ताव का समर्थन एक कविता के द्वारा कर रहा हूं ।

पाया सतत मान जग में जिन पूज्य राष्ट्रपति ने शुचि अनुपम ।

उन धर्मज्ञ आत्मज्ञानी का हम करते सादर अभिनन्दन ॥

हिन्दी हिन्द राष्ट्र की भाषा निश्चित है उसका अभिवर्धन ।

त्याग मोह आंगल भाषा का करें सभी हिन्दी आराधन ॥

सुखद समाजवाद संयममय जीवन में होवे साकार ।

सत्यं शिवं सुन्दरं का हो जन जन में पावन संचार ॥

दुख दारिद्रय विषमता का हम करें अविद्या का संहार ।

भ्रष्टाचार अनाचारों का कर दें हम अन्तिम संस्कार ॥

जन गन मन हो धर्म न्याय से ओतप्रोत सदा कर्तार ।

सच्चे गांधीवादी बन कर करे देश शासन विस्तार ॥

करके मर्दन मान शत्रु का ऊंचा रक्खें मां का भाल ।

अजय हिन्द की जय सदैव हो पहिनें लाल जवाहर माल ॥

SHRI R. R. DIWAKAR (Nominated): Mr. Vice-Chairman, I must thank you very much for the opportunity that you have given me to make a few observations on the President's Address. I associate myself with the Motion of thanks that has been moved by Shri Deokinandan in this House. I think the subjects covered by the President's speech are so many and so important that I must be satisfied with making a few observations on some of the subjects which I feel are very important. I must say that so far as the tenor and the cast of the whole speech of the President was concerned, we expected a far more brilliant, a far more stirring and a far more directional speech from one who is known throughout the world as an exponent of the Indian cultural point of view and very deeply soaked in what may be said to be the deeper channels o the Indian mind. Yet when it comes to our reading the Presidential Address we feel that it is somewhat of an official narration or enumeration of certain subjects and nothing beyond that. I do not know if the Presidential chair acts as a kind of damper on the enthusiasm and the spiritual power that a man can command outside officialdom and the official chair.

Now, I think I must first draw the attention of the House, Mr. Vice-Chairman, to the new phrase which has been used in the second paragraph of the Address, 'a democratic and socialist order'. I think we have been familiar, so far as reports in the newspapers and the Congress party policies are concerned, with the phrase, democratic social order, and not with 'a democratic and socialist order'. I do not know why these two words have been now separated, if at all this is a repetition of the policies adumbrated at Bhubaneswar. I think if these words continue to be as they are, they raise some problem in semantics. If a socialist order is to be there, unless it is definitely mentioned that it is through democracy and through non-violance, it may mean any type of socialism. Today a socialist order does not necessarily mean a democratic order; nor does a democratic order necessarily mean a socialist order. So India is in a happy position to say that we are trying to arrive at a socialist order through democratic means. I think unless that is clarified in the clearest possible manner it would create confusion in the minds of the people and they would try to interpret these words in their own way. A socialist order of the Communist type today, for instance, is supposed

[Shri R. R. Diwakar.]

to be democratic and Communists declare it in that way to the world. Communism they say, is a socialist order; not only that, it is a democratic order also! That is why I make the plea that these matters require clarification. Moreover we should also examine in what direction we are going. It happens that a socialist pattern was declared as early as the Avadi session of the Congress. Since then we have been travelling along that line and now we come to the socialist order. But if we examine the different sectors in which nationalisation has been introduced, we have no doubt the full impact of nationalisation but we see very little of the socialist order in that nationalisation. If socialism or the socialist order is to spell only nationalisation, I am afraid we shall not be going in the direction of real socialism but in the direction of State Capitalism. Therefore, it is very necessary for a country like ours to have our fingers on the pulse of the direction as to where we are going and be clear about our destination.

Casting a glance at the international field and the remarks made by the President I am very glad to say that a policy, which had been adumbrated by the Government of India through our Prime Minister that there should be a nuclear test ban—which was really speaking advocated as early as 1958—has after all come to pass during the last year. It is partial, no doubt, but something is better than nothing and let us hope that this test ban is extended, in due course, to underground tests as well. Another welcome sign is that the use of nuclear power in and from outer space has been banned by agreement between rulers of the two countries concerned. The establishment of the 'hot line' also is a very welcome sign. At the same time, I do not think that there is any scope for complacency, because simultaneously France has stood out. Not only that. It is actually making progress in nuclear arms. This morning's papers convey the news that France has now jets which can be served and re-filled in mid-air and its planes carrying nuclear war-heads can travel as far as 4,700 miles, meaning thereby that France can very easily cover some of the targets in Russia on the one side and some other countries on the other side. This is not a development which is very happy, especially in view of the progress towards peace that is being made by the two chief nuclear powers. Similarly, China is still out of bounds, so to say, of international peace efforts and, therefore, it is quite free to carry on its experiments and confront the world one day with nuclear bombs. Therefore, there is very much scope or very great necessity to be as alert as India has been from the beginning, not only in international councils but, I think, also as a people, Indians should be alert about these matters. I may mention that as regards nuclear test ban, the people of India also played their humble part. They boldly took upon themselves the responsibility of conveying to the nuclear powers their clear opinion that what the powers were doing was something which was against the health as well as the future of humanity itself; they had no right to poison the atmosphere of the world in trying to arm themselves against each other.

Then, I should make a reference here to what is going on in the United Nations Security Council. That is also a part of international affairs. I think every one of us appreciates very much the able part played by Mr. Chagla in giving a fitting reply to the allegations and a number of things that Mr. Bhutto said against India on the floor of the Security Council. But one is surprised at the attitude taken by Sir Patrick Dean on behalf of the British Government. While he made a plea for mediation or something like that, there was no mistake in our seeing that his speech was more like that of an advocate of Pakistan than that of a representative of a great nation like England, which had very vital and friendly connections with India. As the British Government as well as the British people must be knowing, India

is making every effort to see that our friendship continues; but it should not be made difficult for India, for instance, to continue that friendship and to continue in the Commonwealth with the goodwill of all the other nations in the Commonwealth. Therefore, I think whatever be the Tory inclinations or the Conservative traditions of British diplomats and British administrators today, they must take into consideration that, if they want real friendship to establish itself between two members of the Commonwealth, they should not adopt a partisan attitude and make it difficult for India and Pakistan to come together. It might be very uncharitable, but some people and historians do say that Pakistan was the creation of the British Government and if such attitudes are struck by the British now and then in the course of diplomacy, well, perhaps that kind of allegation by historians gets support. I think it is necessary that we should raise our voice against such an attitude of the British not only in diplomatic circles in the international sphere but also in this Parliament of ours.

I may now mention a few things about industry—the public sector and the private sector. I need not say that much progress has been made. But after all we are here not merely to register the progress but also to think in terms of where we have failed. So far as mixed economy is concerned, I think it has been declared so many times from the platform as well as in Parliament itself. At the same time, one cannot but feel that the private sector is made to feel a kind of inferiority complex. Those who are running the public sector are naturally in a better position to drive home this kind of inferiority complex. I do not think that Mr. J. R. D. Tata who has made a certain statement in New York to the "New York Herald Tribune" has done it in a lighthearted manner. He is one of the few persons who carries weight with the Government of India. He has easy access to the highest authority and he must be enjoying a number of deserved facilities for building up big industry in the private sector. But even in spite of that, I am glad that he has given vent to the difficulties of the private sector and what the private sector is feeling. This certainly is on behalf of the smaller industries, possibly the smallest of them. What he has said is this that India has infinite capacity and scope for development of industries. While the public sector may go on developing, if the private sector also is given the necessary facilities and encouragement, he says, it will definitely develop faster. These are the words he uses so far as the private sector is concerned. At the same time he asks what it is that comes in the way—well, he says controls and also red-tapism. He has not mentioned the word "red-tapism" but he has mentioned the word "controls". Naturally he does not mean all kinds of controls, but he means that controls have acted in a restrictive manner and they have not been able to give the necessary encouragement for the private sector industries. The third thing that he has mentioned is that these controls have acted as a curb on foreign capital coming into India. I do not mean to say that the Government is not aware of all these difficulties which the private sector is suffering from. I know personally of a few industries where, for instance, they have engaged their capital, carried on the work, constructed buildings, engaged money in machinery and for six months or eight months right from the beginning they have been asking for the necessary licences, and yet at the end of six months or eight months or whatever it is, they do not get the licences; thus all the capital and all the labour is wasted which adds to their frustration. I think this kind of thing should not happen. If this continues to happen, then I think the private sector cannot develop and play its legitimate part in the building up of the nation.

One word about agriculture. Figures have been given that 6 million acres have come under irrigation and 5·5 million acres also are going to come under irrigation. Within my own per-

[Shri R. R. Diwakar.]

sonal knowledge there are two big irrigation projects in which thousands and thousands of acres of land are statistically under irrigation but not a drop of water is passing on to them. And why? The dam is there, about Rs. 100 crores have been sunk on it, Rs. 6 crores are being paid as annual interest, and yet thousands and thousands of agriculturists are not willing to take the water on account of want of co-ordination among the P.W.D., the Irrigation Department, the Revenue Department, and so on, or because the water-cess is heavy or because there are no technical personnel who can give them the proper advice. These things are happening. Therefore, we should not be led away by the figures but we should actually see what is the exact acreage under irrigation. This naturally leads us to the point that agriculture has not been able to play its part in producing enough food in our country, and I think all these matters ought to be looked into. While theoretically we are legislating for social justice, and we are taking action for more production, why is it that production is lagging? Is there want of sufficient incentive to the agriculturist, to the peasant who is working in the field or is this legislation only doctrinaire? We have to see whether this legislation is taking into consideration both social justice and production which are equally important, whether there is a lopsided legislation on the side of social justice and not enough emphasis on the side of production.

I think these are all important matters which have to be taken into consideration. Fortunately I am in the happy position of not being identified with any political point of view. Whatever I have said, I should emphasize I have said as an observer of things, as they are actually being done. While I have every praise and compliment for all that the Government is doing, I would say that they should be far more careful, far more self-introspective and far more responsive to the needs of the small man, to the small industry people and to the man in the street. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. GOVINDA REDDY): Before I call upon the next speaker I would like to know if the House is prepared to sit through the lunch hour as there are a large number of speakers.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. GOVINDA REDDY): Shri Dahyabhai Patel.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, I missed the presence of the dignified personage of the President of India when we had the Address on the opening day of Parliament. We have been so used to seeing him in this House that perhaps some of us might not fully realise how much dignity his presence on the day of the opening of Parliament lends to the proceedings. I hope his illness is insignificant and that he will soon be restored to health. In him we have somebody who is very clear about his thoughts. Indeed a little over a year ago, he said in very clear terms that the Indian reverses in NEFA should be regarded as a matter of sorrow, shame and humiliation, that we have to retrieve our lost prestige and that India's freedom, security and honour are things which are endangered today. Are we doing anything about it?

Next also I would like to say how sorry I am to see our Prime Minister in this state of health. I hope he also will be soon restored to health. But let us recognise that there is such a thing as time, that there is such a thing as age, and the Prime Minister is a sick man and the chances of his being what he was five years ago or ten years ago are rather bleak. Hence his sickness is reflected in the Government. Today we have a sick Prime Minister. We have a sick Government. I am sorry that in certain circles the sickness of the Prime Minister is being exploited by some people, and

people are being asked to be restrained in their criticism, legitimate criticism of Government in Committees. I do not know whether it is going to be repeated here. Sir, we come here as Members of Parliament to do our duty to the country. And I hope that we shall continue to do so fearlessly in spite of what has happened. If the Government is sick, let it go on a rest cure. If the Prime Minister is sick, more so, let him also go on a rest cure. But what is the use of having a Government which cannot make up its mind? The Kamaraj Plan is not going to affect the country, the Government or the Cabinet. What we want is a firm, stable Government. What is happening on both sides of our borders and in the two border States is an indication that the Government is very sick and needs to go on a rest cure. if not go altogether. I must also at this stage take the opportunity of congratulating our representative in the United Nations, Mr. Mohammad Currim Chagla, as he is now known, instead of Mr. M. C. Chagla—Mr. Justice Chagla as we knew him in Bombay—for his bold exposition of India's case in the United Nations. It is a sad reflection on the people who have been in charge, on the people who have been our spokesmen in the United Nations for the last 15 years that they did not raise the many logical points that he raised in his address. His address was cold logic and reasoned. Why did not anybody think of them? So many of them are going to the United Nations again and again. Nobody could think of the point that Kashmir acceded to India as all other Indian States did hrough the Head of the State. Now, this point was not mentioned even in the United Nations all these years. It is a sad reflection on the people who have been in charge of arguing our case. I need not repeat. There are several other arguments in his case—if it is read properly—which were missed previously. (*Interruptions*) We are not dealing. . . .

1 P.M.

SHRI A. M. TARIQ (Jammu and Kashmir): For the hon. Member's information, the Letter of Accession is already on the record of the United Nations; it was from the Maharajah of Kashmir. That is our part.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Mr. Tariq, I am not denying that. I am dealing with the presentation of our case. And the people who were there, who went there on behalf of the Government of India to present our case, should have presented it more logically, in a reasoned manner and not with their hearts full of prejudices; they always went and made more enemies for India than friends. That is why our case which is so just and so clear has been bogged down in the Security Council all these years.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR (Kerala): Their logic did not win many friends.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: That is because of the prejudices created by his predecessor. My friend, you know it fully well; you may support him. But the truth cannot be hidden. It is because of his attitude, because he was offensive—his predecessor, I mean—to the free nations of the world that our case has been misunderstood. (*Interruptions.*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. GOVINDA REDDY): Order, order, let him proceed.

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa): The Communist friends along with Mr. Tariq are trying to defend their leaders.

SHRI A. B. VAJPAYEE: What leaders?

(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. GOVINDA REDDY): Please proceed, Mr. Patel.

SHRI BHUPESH GUPTA: We can defend ourselves.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I am fully in agreement with the sentiments

[Shri Dahyabhai V. Patel.]

expressed by Mr. Ganga Sharan Sinha and other friends in this House about the refugees who are coming from across the border. They deserve our every sympathy. It is not their fault that they are in this plight. We have a certain obligation towards them and I hope that the Government will be liberal towards them. Unnecessary obstacles in the way of their coming back should not stand. I know that this means a great drain on our resources, that it means a great burden to the exchequer. But the Government of India will have to stand up and bear it. If the Government—and when the Government—has courage enough—I do not know if it ever will have it—it must demand a portion of territory, land from Pakistan. When so many people are exploited, when they are thrown out from Pakistan, Pakistan must be made to yield so much territory, so that we can house those people. I do not know whether this sick Government will ever have the courage to do so.

Sir, I repeat that this Government is sick. What is happening in regard to the two distinct issues which have figured prominently in this House and how is the feeling of the people being circumvented? I refer to the Serajuddin affair. That has been referred to a Judge.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) in the Chair.]

But while the proceedings are going on against Serajuddin, the Magistrate, I understand, is being transferred as Chief Presidency Magistrate elsewhere. It is a very ingenious Government that can stop or prolong legal proceedings in this manner by giving promotion to a Magistrate. What will be the result? So many witnesses have been examined.

SHRI ARJUN ARORA (Uttar Pradesh): The case may remain on the file of the Magistrate even if he is promoted.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Thank you, I know that Even a child knows that. But the purpose of this

• • •

SHRI ARJUN ARORA: I do not consider the hon. Member to be a child, much less my child.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I am grateful to God for that. What would have been my fate if I were his child? I am certainly not willing to exchange my position. (*Interruptions.*) Whatever this gentleman may say, I better restrain myself. He will have plenty of opportunities. My time is limited, I am trying to save my time for the other friends of my party who also want to speak.

SHRI LOKANATH MISRA: His friend is involved in the Serajuddin case.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: The trial, I am saying, will go on. Certain people have been examined. Another Magistrate in his place will take up the re-examination of all those witnesses. It is a legitimate request of any accused. Some of the witnesses will be available, some of them will not be available. So, the trial will prolong. Then the matter will go to the higher courts and to the Supreme Court whether such witnesses should be called again or not. These are all dilatory tactics with only one intention, to shield the co-conspirator in this, and I make this charge with a full sense of responsibility, and if this Government tolerates it, they are pleading guilty, demonstrating the charge that I make that this Government is a sick Government.

Sir, the other affair which I would refer to is something much more serious; it is about the border State of Punjab. The Prime Minister has entrusted the enquiry into the allegations against the Chief Minister of Punjab to a Judge. That was expected, of course We know, Sir, of a member of the Legislature, a member of the Congress Party, who was beaten up because he made certain charges. He has

himself said so, he has offered to prove them before anyone. But much more serious is what has happened a few days ago—a person was shot dead, five bullets were fired into his body at eleven of the clock in broad daylight and not one line has appeared in the newspapers anywhere. The person was a close relation of a former Defence Minister of this country. The people who shot him went to shoot him—I am told—in a truck belonging to the son of the Chief Minister. Will the Government enquire into this? Why have no arrests been made? Mr. Nanda wants to arrest Members on a charge of bringing *gur*, under the Defence of India Rules. Where are the Defence of India Rules in the case of murderers, people who murder persons in broad daylight and of their accomplices, people who assist them? What is happening to this Government? It is therefore that I say that this is a sick Government and I do not think that this Government can be cured. The only remedy is to end it, and shall I say also that this country is sick of it? Therefore, they are losing repeatedly all the by-elections that have taken place in the last few months. Let them realise it.

AN HON. MEMBER: Not all.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Most of them.

SHRI A. B. VAJPAYEE: What happened in Mahuwa?

SHRI FARIDUL HAQ ANSARI (Uttar Pradesh): That is recent.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: My friend, Mr. Bhupesh Gupta, yesterday butted in on my question to make a speech when I asked questions about the affairs of the Bank of China. This is one more example of the sickness of this Government. Responsible Ministers made statements in the Bengal Assembly about the affairs of the Bank of China, of the people who were given money and of a Bombay weekly that is supposed to have received money.

SHRI BHUPESH GUPTA: Mr. Vice-Chairman . . .

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Mr. Vice-Chairman, I do not yield. He has got his right to speak. He made a speech yesterday butting in during the Question Hour when I was putting questions, which was very wrong. I do not yield, Mr. Vice-Chairman.

SHRI BHUPESH GUPTA: Then there will be a deadlock.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: There can be no deadlock.

(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Unless he yields you cannot . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: My friend very often returns to the same question. So I presented to the House a statement made by Mr. Prafulla Sen in reply to a calling attention notice given by Mr. Kashi Maitra, the P.S.P. leader, in which Mr. Prafulla Sen said that he had no information. It is in their December proceedings. I made it a part of my question and quoted it. Unfortunately my friend was not here then. The 'Current', a weekly in Bombay, wrote it.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: More than one paper wrote it, even a Bengali daily, though I have not got the cuttings with me now.

SHRI BHUPESH GUPTA: Anyway I leave it at that. He is a good friend otherwise.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Now the Defence of India Rules are used against friends who protest against orders, like the *Gur* Control Order, against people who are agitated about certain things in Bombay, and so on. Somebody who was standing to look at one of these demonstrations was also arrested, because he happened to help certain members of the Swatantra Party, and even my letter to Mr. Nanda explaining the position has not secured his release, while people like this go about freely in this country.

[Shri Dahyabhai V. Patel.]

What sort of Government have we? Mr. Nanda promised to eradicate corruption in three months.

HON. MEMBERS: Two years.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Two years? Well, six months of the two years have nearly gone.

AN HON. MEMBER: Three months.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: Do you see corruption on the decrease? Let Mr. Nanda go to Saurashtra where a by-election is taking place and let him see for himself with open eyes what corruption is taking place at every stage, what pressure is being put on people, how people are being called because they assisted in the previous by-election when Mr. Masani fought at Rajkot. When honest citizens, when people working in State Transport offices and such like offices are being called daily to report to the police station when there is no charge against them, it is simply harassment; it is because they helped others against the Congress. Are these Defence of India Rules or Defence of Congress Rules?, I want to ask, and therefore it is that we demand repeal of this lawless law. If the Government wanted to continue the Defence of India Rules, they must convince us of the reasons therefor. They have to convince this country that they are serious about defending this country. There are rumours, there is documentary evidence —if required it will be forthcoming— that the Prime Minister has already given his assurance that India is not going to advance further than the present line.

SHRI N. C. KASLIWAL (Rajasthan): That is not correct, I will challenge your statement.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: We will come to that, my friend. There are so many defenders of the Prime Minister. You need not be in a hurry. The matter is coming.

SHRI N. C. KASLIWAL: I will show that the letter that you have circulated is completely wrong in facts; you have misquoted facts.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I have not circulated any letter. My friend is labouring under a misapprehension. But the letter that he refers to may come out. What does it matter? Let the Home Minister come out with a full statement on the matter. We want to know about it, and if the Defence of India Rules are there, why not arrest the forgerers? Why don't you use the Defence of India Rules there? Why do you want more power when you cannot use it?

श्री ए० एम० तारिक़ हजरतबल मे मुएशरीफ की चोरी हो जाती है और उसके खिलाफ लोग प्रोटेस्ट करते है । वो यह कहते है कि मुएशरीफ हासिल करो, चोरों का पता लगाओ, और कोई दूसरी बात पहले दिन नही होती है । लोग जमा हो जाते है लाल चौक मे और दूसरी जगहों मे और उनके दो ही नारे होते है कि मुएशरीफ हासिल करो और चोरो का पता लगाओ । औकाफ कमेटी इसाफ करे । अब औकाफ कमेटी है क्या ? औकाफ कमेटी चन्द लोगों का मजमा है जो इस जियारत की देखभाल करते है और उसके चेयरमैन है हमारे खालिदे कश्मीर जनाब मरदेआहन बख्शी गुलाम साहब और उस मरदेआहन के साथ ही उस के तीन करीबी रिश्तेदार है एक एक्स डी० आई० जी० जो उनके एक अजीज के फादर-इन-ला है और एक एक्स कस्टोडियन जो उनके एक और अजीज के फादर-इन-ला है । उनके अलावा जो और आदमी है जिनमें एक छोटे मरदेआहन बख्शी अब्दुल रशीद खुद है और एक मुतवल्ली है और ये सात आदमी इस जियारत की देखभाल करते है । अचानक चोरी होने से लोगों को तकलीफ हुई और उन्होंने प्रोटेस्ट किया । बख्शी गुलाम मोहम्मद के असर का नतीजा था कि रेडियो कश्मीर ने इसको एनाउन्स नही किया । आल इंडिया रेडियो ने भी कुछ वक्त के लिये इसका जिक्र नही किया और प्रेजीडेंट अयूब खा ने न्यूज फ्लैश की । पाकिस्तानियो ने कहा कि इसका चुराने वाला हिन्दू है और इसका नतीजा यह हुआ कि उधर मशरिकी पाकिस्तान मे गरीब हिन्दू जुल्मो सितम का शिकार हुए और हिन्दुस्तान मे कलकत्ता मे गरीब मुसलमान जुल्मो सितम का शिकार हुए ।

लेकिन आप जरा इस बात को गौर से देखिये । मुअज्जिज मेम्बराने पार्लियामेंट मे चेयर के जरिये से इस बात की दरख्वास्त करूगा कि आप इस बात को देखिये कि उस दिन अगर आल इडिया रेडियो इस खबर को ब्राडकास्ट कर दे कि चोरी करने में मुसलमान का हाथ है और हिन्दू का सवाल ही पैदा नही होता तो मशरिकी पाकिस्तान में बेगुनाह हिन्दू नही मारा जाता और यहा बगाल मे बेगुनाह मुसलमान नही मारा जाता । तो इस असर को देखिये कि एक अहम वाकिये की खबर को भी रोका जा सकता है इसलिये कि एक कश्मीरी को नाराज नही किया जा सकता है । उस मरदेआहन को जो कि दिन की रोशनी में घर से बाहर नही आ सकता और उसके खिलाफ कुछ नही किया जा सकता है तो लोगों ने प्रोटेस्ट किया और उस प्रोटेस्ट में कश्मीर के हिन्दू शामिल थे, मुसलमान शामिल थे, सिक्ख शामिल थे और कोई हिन्दू मुसलिम फिसाद की बात नही थी । अचानक जब लोग यह समझ कर कि हजरतबल जायेगे इकट्ठे हुए, तब बख्शी अब्दुल रशीद साहब तशरीफ लाते है और तशरीफ लाते है सरकारी मोटर में । उसका जे एण्ड के १४ नम्बर है । वो लोगों को देखते है । बाहर खडे होते हैं और लोगों से फरमाते है—मै इसका उर्दू तर्जुमा करूगा और आप मेरी इन बातों को इंटेलिजेंस

[श्री ए० एम० तारिक]

रिपोर्ट से पूरी देख सकते है---वो लोगों से फरमाते है कि भिखारियो व फकीरो तुम्हारी कागडी में आग नही है, तुम क्यों जुलूस निक लने आये हो, जाओ, मुएशरीफ वहा पहुच जायेगा । लोगों ने इसको अपनी तौहीन समझा और उनके पास जितनी कागडिया थी वो सब कागडिया अब्दुल रशीद साहब के सिर पर कुर्बान कर दी और कहा कि देखो इनमें आग है कि नही । वो दो तीन सौ कागडिया उनके सिर पर निछावर कर दी जैसे कि हम एक दूसरे पर फूल निछावर करते है, उसी आसानी से वो कागड़िया उन पर निछावर कर दी । किसी तरह वो दूसरे मरदेआहन गायब हो गये तो लोगों ने उनकी सरकारी गाडी को जलाया और जल ने के बाद उस गाडी को अज मउशान तरीके से दरियाबुर्द कर दिया । वो कार सरकारी थी, उनकी अपनी नही थी । इसके बाद यह हजूम बख्शी गुलाम माहम्मद की तरफ जाता है लेकिन उस जायदाद के पहले और उस जायदाद के बाद गैर मुसलमानों की लाखों रुपयों की दूकाने है । जिन्होंने रेजिडेन्सी रोड को देखा है---डा० गोपाल सिह यहा है, वाजपेयी साहब यहा है, वो जानते होंगे कि लाखो रुपये की हिन्दुओं की यहा जायदाद है लेकिन किसी हिन्दू की जायदाद को नही छेडा गया बल्कि लोग उनके सामने खड़े हो गये और जिनकी दुकाने खुली हुई थी उन पर कपडा डाला कि उनको नही जलाना है और इस खानदान की जायदाद को ही जलाना है । तो उनको इतना सदमा था, उनको इतना गुस्सा था । जब किसी कौम का गुस्सा किसी फर्द की तरफ हो जाये तो हुकूमत का यह फर्ज नही है कि सगीन निकाले और लोगों के गुस्से का जवाब दे बल्कि हुकूमत का फर्ज है कि वो लोगो के गुस्से का इलाज करे । इस जायदा को जलाने के बाद लोग वापिस चले आये और वो किसी और की जायदाद को नही जलाते । अब गोली चलाई जाती है । मेरी एक शिकायत है जो कि हुकूमत के सामने भी है । एक एस० पी० ने पिस्तौल से एक हिन्दू को निशाना बना कर, उसको ऐम करके, गोली चला दी ताकि इस हिन्दू के मरने से हिन्दू-मुस्लिम फसाद हो जाय । ये मै आपसे एक मेम्बर पार्लियामेट की हैसियत से जो अपने फरायेज और जिम्मेदारियों को जानता है कहता हू कि एक एस० पी० ऐम करता है और एक हिन्दू को जो काश्मीर का नही था, जो सीबा का नौकर था, जो जलूस से काफी दूर था, उसके करीब नही था, अपने रिवाल्वर से मारता है और अब तक इस मामले मे कुछ नही किया गया । इसके बाद हिन्दू-मुस्लिम फसादात को कराने की कोशिश की गई । किसी पर पाकिस्तानी होने का इल्जाम लगाया गया, किसी पर जनसघी होने का इल्जाम लगाया गया ।

मै आपको यकीन दिलाता हू कि आपको काश्मीर को अपने साथ रखना चाहिये । इसलिये नही कि काश्मीर बहुत खूबसूरत जगह है बल्कि इसलिये कि काश्मीर आपके सेक्यूलरिज्म का नुमाइन्दा बना है और काश्मीरियों की यह तमन्ना है कि वो इसी मुल्क मे मरेंगे, इसी मुल्क मे जियेंगे । लेकिन अगर आपको वाकई काश्मीरी कौम को अपने साथ लाना है---इसके यह माइने नही है कि हम आपसे अलाहदा है, आप हमारे जिस्म को साथ रख सकते है लेकिन अगर आप हमारे दिल और दिमाग को, हमारे खुलूस को, हमारी मुहब्बत को अपने साथ रखना चाहते है---तो आप भी हमसे खुलूस और मुहब्बत का बर्ताव कीजिये । आपको यह फैसला करना है, हिन्दुस्तान की पार्लियामेट को, हिन्दुस्तान के लोगों को, हिन्दुस्तान के अखबारों को, हिन्दुस्तान की तमाम सियासी जमायतों को कि आपको एक खानदान वहा चाहिये या ३२ लाख इसान चाहिये । आपको काश्मीर की पहाड़िया चाहिये, आपको काश्मीर के सब्जाजारों में, काश्मीर की झीलों और फलों में दिलचस्पी है या काश्मीर के इन्सानों

में दिलचस्पी है, इसका फैसला आपके हाथ में है। हम तो कर चुके यह आपको करना है।

गगा बाबू को यह बहुत नागवार गुजरा कि इस एड्रेस मे मरहूम डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद का नाम नही है। मुझको भी बहुत नागवार गुजरा लेकिन हम कश्मीरियो को भी नागवार गुजरा जब हम पर गोली चली तब किसी ने न अटल बिहारी वाजपेयी ने मुह खोला, न, भूपेश गुप्ता ने मुह खोला, और न गगा बाबू कोई डेलीगेशन लेकर गये। अब तक नही गये तो अब जाओ, अब भी जाकर देखो कि कश्मीरी किस हाल मे है। कश्मीर की माओ से पूछो, कश्मीर की बहनो से पूछो, वहा के बच्चो से पूछो, मै आपको यकीन दिलाता हू कि कश्मीर मे आज चगेजखा के नाम मे और बख्शी गुलाम मोहम्मद के नाम मे कोई फर्क नही है।

श्री ए० बी० वाजपेयी : जो वहा जाते है उन्हे पीटा जाता है।

श्री ए० एम० तारिक : जो मरदे-मुजाहिद होते है वो मार से नही डरा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी कश्मीर मे बुरी तरह से मारते है, बेहद मार पडती है।

श्री ए० एम० तारिक आपको इससे डरना नही चाहिये।

श्री ए० बी० वाजपेयी अशोक मेहता का क्या हुआ ?

श्री ए० एम० तारिक अच्छा हुआ और वो प्लानिग कमिशन के चेयरमैन हो गये। आप भी मार खाइये, आप भी कुछ हो जायेगे। ऐसी बात नही है। आपने इस चीज को देखा नही है।

लेकिन सवाल यह है कि आज हम कश्मीरियो को दुख है कि हमसे कोई पियासी ताल्लुक भी हिन्दुस्तान के लोगो ने नही रखा। आज हमसे कहा जाता है कि कर्णसिह डोगरा है, जो अफसोस की बात है। ये हम कश्मीरी नही जानते। हम तो सिर्फ यह जानते है कि कर्णसिह बहुत अच्छे और बहुत पोपुलर है। आपको देखना चाहिये कि क्या क्या हरकते कश्मीर मे हो रही है या कश्मीर मे वो लोग कर रहे है। हिन्दुस्तान मे एम० एल० एज० का डेलीगेशन लेकर आते है। बताइये एम० एल० एज० क्या है। इससे क्या होगा। कश्मीर के इस मरदेआहन से कहिये कि जरा श्रीनगर की सडक पर चले। मै चैलेज करता हू। मै और बख्शी गुलाम मोहम्मद हाथ मे हाथ देकर श्रीनगर की गलियो मे निकले और जो अपने कपडो मे घर वापिस आ सके वहा प्राइम मिनिस्टर है। ये जुर्रत उनमे नही है। एम० एल० एज० को सूकर यहा आने से क्या फायदा। क्यो नही काग्रेस प्रेजिडेन्ट को जम्मू और कश्मीर मे बुलाते और वहा का नमुना दिखाते ? यहा काग्रेस के प्रेजिडेन्ट के पास आने की क्या बात है ? उनको जरा वहा बुला कर दिखाइये।

श्री बैरागी द्विवेदी : (उडीसा) : क्या प्राइम मिनिस्टर आफ इडिया को यह पता नही है ?

श्री फरीदुल हक़ अन्सारी यह सब उनका पता है।

श्री बैरागी द्विवेदी : यानी उनको भी पता है।

श्री ए० एम० तारिक़ हम आप सबको पता है। इसमे आप सब शरीक है। इसमे आप भी है। आप सिर्फ काग्रेस मे नही है। और भी कुछ है। इसमे पार्लियामेट के मेम्बर ही नही है, सब है, सादिक अली साहब भी है, गोपाल सिह साहब भी है, सब है।

तो इसको आप इज्तमाही शक्ल देखिये, अगर कश्मीर की हालत बिगडेगी तो यह गलत बात होगी। सारे हिन्दुस्तान

[श्री ए० एम० तारिक]

के नक्शे को बदलना होगा । ये सिर्फ चन्द लोगो का सवाल नही है । पूरी तारीख का सवाल है। मै आज पूछता हू कि कौन चीज रोकती है गगा बाबू को, भूपेश गुप्ता को, अटल बिहारी वाजपेयी का, सादिक अली साहब को, कि इकट्ठा जाकर कम से कम इस कौम की हालत को मालूम करे । अगर आप उनके जख्म पर मरहम नही लगा सकते हो तो उनके जख्म तो देख सकते हो । जो जख्म देखने से इकार करता है वो इसान नही । वो चाहते है कि कोई आकर उनके जख्म को देखे और इसको देख कर उनसे कोई पूछे कि तुम पर क्या गुजरी है । इतना तो करो यह आपका इखलाकी फर्ज है वरना यह भी बाकिया है कि कश्मीरी यह समझते है कि हम हिन्दुस्तान मे इसलिये है कि वहा जवाहरलाल है, वहा पी० एन० सप्रू है । आपने कश्मीरियो को यह यकीन दिलाना है कि जवाहरलाल ही नही, उनके साथ गगा बाबू भी है, अटल बिहारी वाजपेयी भी है, भूपेश गुप्ता है, गोपाल सिह भी है, वो भी इस मुल्क मे रहते है और वो भी तुम्हारे साथ है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) तारिक साहब, आधा घटा हो चुका है ।

श्री ए० एम० तारिक मैं आपका बेहद मश्कूर हू । इन अल्फाज के साथ मैं अपनी तकरीर खतम करता हू लेकिन आखिर मे यह कहूगा कि अगर हमे अग्रेजो को, अमरीकनो को, शिक त देनी है तो इसका बेहतर इलाज यही है कि कश्मीरियो के जख्म का इलाज किया जाये और मुझे उम्मीद है कि आप सब मिल कर इन जख्मो का इलाज करेगे ।

श्री ए० बी० वाजपेयी उपसभाध्यक्ष जी, उपराष्ट्रपति जी ने राष्ट्रपति जी के कर्तव्यो का पालन करते हुए जो अभिभाषण दिया है उसमे न तो कोई रग है, न रस है; भाषण मे न स्पष्टता है न दृढता है, भविष्य के बारे मे उसमे न कोई निसदिग्ध दिशा-निर्देश है और न जो लक्ष्य रखे गये है उनकी पूर्ति का कोई उद्दाम सकल्प ही प्रकट किया गया है । शायद इसका कारण यह है कि नई दिल्ली की राजनैतिक परिस्थिति बडी नाजुक है और उपराष्ट्रपति जी के भाषण पर उसका असर हुआ है । हम ने राष्ट्रपति जी अस्वस्थ है और उपराष्ट्रपति ने उनका भार सम्हाल रहे है प्रधान मन्त्री जी दुर्बल है । कोई उप-प्रधान मन्त्री नही है मन्त्रियो मे इस बात पर विवाद है कि किसका नम्बर एक है, किसका दूसरा, किसका तीसरा, और किसका चौथा । उत्तराधिकार का सघर्ष पूरे जोर पर चल रहा है । नित्य नए गठबन्धन हो रहे है । शतरज पर नयी चाले चली जा रही है । इसका परिणाम देश पर अच्छा नही हो रहा है । जनता निराशा मे जा रही है, प्रशासन ढीला हो रहा है और विदेशो मे जो भारत का चित्र है वह धूमिल पडता जा रहा है । आज, जबकि चीन का सकट टला नही है और पाकिस्तान से किसी भी क्षण सघर्ष की आशका बढ रही है, नई दिल्ली मे यह जो राजनैतिक अस्थिरता और अविश्वास का वातावरण चल रहा है, उसको दूर करना चाहिये । एक उपप्रधान मन्त्री की हमे आवश्यकता है । वह कौन हो यह तय करना काग्रेस पार्टी का काम है । लेकिन उत्तराधिकार के सघर्ष को लम्बा चला कर, देश के भविष्य के साथ खिलवाड नही किया जाना चाहिये ।

2 P. M

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे राष्ट्र के सामने जो सकट है उनका उल्लेख तो किया गया है, किन्तु उस पर विजय कैसे प्राप्त की जायगी, इस सम्बन्ध मे कोई मार्ग निर्देश नही किया गया है । चीन के सकट की चर्चा की गई है । लेकिन चीन के प्रति हमारी नीति क्या है हम कोलम्बो प्रस्तावो से कब तक बधे रहेगे, इन प्रश्नो का उत्तर नही दिया गया । कोलम्बो प्रस्ताव हमे छूट देते हैं कि हम अपनी सेनाए नेफा मे अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तक भेजे, मगर अभी तक सेनाए भेजी नही गई है । इस सम्बन्ध

मे श्रीमती भण्डारनायके के पत्र को लेकर जो विवाद खडा हुआ है उसने और भी आशकाएं पैदा हो गई है । क्या सरकार ने श्रीमती भडारनायके को यह आश्वासन दिया है कि भारत की सेनाए मेकमाहन रेखा तक नही जायेगी ? इसका स्पष्टीकरण किया जाना चाहिये । यह भी बताया जाना चाहिये कि हम अपनी सेनाए कब वहा भेजेगे । कहा जाता है कि रक्षा प्रयत्न प्रगति के साथ चल रहे है, देश को तैयार किया जा रहा है । दो वर्ष मे हमने देश को कितना तैयार किया है इसकी कसौटी यह है कि नेफा मे हम अपनी सेनाए कब भेजते है । जब नेफा मे हमारी सेनाए थी तब हम चीन के आक्रमण का सफलता के साथ प्रतिकार नही कर सके । बरफ पिघल रहा है, बसन्त की ऋतु आ गई है, कोई दावे के साथ नही कह सकता कि चीन फिर सीमा पर गडबड नही करेगा । इस स्थिति मे नेफा मे हमारी सेना का सीमा तक जाना बहुत आवश्यक है, कोलम्बो प्रस्ताव भी हमे इस बात की अनुमति देते है । फिर हम अपनी सेनाए क्यो नही भेज रहे है ?

चीन ने कोलम्बो प्रस्ताव स्वीकार नही किये । हम कब तक उसकी स्वीकृति की प्रतीक्षा करते रहेगे ? यद्यपि कोलम्बो प्रस्तावो मे चीन की सेनाओ द्वारा लद्दाख के क्षेत्र का खाली करने का कोई विधान नही है और यह घोषणा करते हुए भी कि हम आक्रामक को उसके आक्रमण के फलो का उपभोग नही करने देगे, सरकार ने कोलम्बो प्रस्ताव स्वीकार कर लिये । मै समझता हू कि वह कोलम्बो देशों के लिये एक कन्सेशन था । लेकिन कोलम्बो देश चीन से अपने प्रस्ताव को मनवा नहीं सके । अब हमे वह कन्सेशन वापस ले लेना चाहिये । हमे स्पष्ट घोषणा कर देनी चाहिये कि जब तक चीन की सेनाए लद्दाख के क्षेत्र को भी खाली नही कर देगी तब तक हम चीन से किसी भी तरह की वार्ता नही करेगे । कोलम्बो देशों से भी हमे कहना चाहिये कि वे चीन को मनाने मे व्यर्थ अपना समय नष्ट नही करे । उन्हे भारत के न्यायपूर्ण पक्ष का समर्थन करना चाहिये । अभी मोरक्को और ट्यूनिशिया मे सीमा सम्बन्धी विवाद हुआ था यूनाइटेड अरब रिपब्लिक के प्रेसीडेंट नासिर उस विवाद को शातिपूर्ण तरीके से हल करना चाहते थे । मगर शातिपूर्ण तरीके से विवाद को हल करने की उनकी इच्छा ने उन्हे मोरक्को को आक्रामक कहने से नही रोका । भारत और चीन के विवाद को कोलम्बो देश शाति से सुलझाना चाहते है । विवादो को शान्ति से सुलझाना चाहिये यह भावना मै समझ सकता हू । लेकिन अगर आक्रमण के प्रश्न पर तटस्थता मे विश्वास करने वाले देश चुप रहेगे तो तटस्थता के साथ जो नैतिक बल है वह खत्म हो जायेगा और गुटनिरपेक्षता एक अवसरवाद के रूप मे जनता के सामने आयेगी ।

आज सारे देश का और सदन का ध्यान पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले हिन्दुओं की ओर लगा है । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे यह कहने के अलावा कि उन्हे बसाया जायेगा, और किसी नीति का दिग्दर्शन नही किया गया है । जब देश का विभाजन हुआ था तो हमने पूर्वी पाकिस्तान के हिन्दुओ को आश्वासन दिया था कि उनके जान, माल और इज्जत की रक्षा के प्रति हम कभी उदासीन नही रहेगे । उन आश्वासनों को अमल मे लाने का अवसर आया है । १९५० मे जब पूर्वी पाकिस्तान मे दगे हुए, तब स्वर्गीय डा० श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल से इस्तीफा दे दिया था और भविष्यवाणी की थी कि नेहरू लियाकत अली पैक्ट पूर्वी पाकिस्तान के हिन्दुओ की रक्षा नही कर सकेगा । आज उनकी भविष्यवाणी सच हो गई है । मगर आज केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल मे पश्चिमी बंगाल का ऐसा कोई मन्त्री नही है जो कुर्सी को लात मार कर, सरकार को अपनी नीति बदलने को विवश करे । आज केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल मे सरदार पटेल की तरह का भी कोई मत्री नही है जो कहे कि अगर पाकिस्तान अपने पूर्वी भाग मे हिन्दुओं की रक्षा नही करेगा तो उन हिन्दुओं को बसाने के लिये पाकिस्तान

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

को जमीन देनी पडेगी । हमारे प्रधान मन्त्री श्री नेहरू जी ने भी उस समय घोषणा की थी कि अगर पाकिस्तान सीधी तरह से नही मानेगा तो और रास्ते अपनाए जायेगे—**अदर मेथड्स विल बी अडाप्टड** । आज तो प्रधान मन्त्री जी यह घोषणा करने की स्थिति में नही हैं । मगर पूर्वी पाकिस्तान के हिन्दुओं का क्या होगा ? उनके सामने इसके सिवाय कोई रास्ता नही है कि वे मर जाय या जबर्दस्ती अपना धर्म छोड दे, या बेघरबार बन कर भारत माता की गोद मे चले आएं । मगर उनके आने के लिये भी दरवाजे नही खोले गए है—हफ्ते मे दो दिन उन्हे आने के सर्टिफिकेट दिये जायेगे, बाकी पांच दिन नही । राजशाही का हमारा कार्यालय बन्द कर दिया गया । क्या आने वाले शरणार्थी अब माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिये ढाका जायेगे ? कौन उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करेगा ? जो हिन्दू भारत मे आना चाहते हैं उनकी रक्षा का कोई इन्तजाम नही है, आने वालों पर गोलिया चलाई जा रही हैं । कल रात मुझे त्रिपुरा से एक तार मिला है । मैं आपकी अनुमति से उसको पढ़ना चाहता हूं :

"One lakh refugees crossed in continuous influex of thousands daily. On sixth evening just on the borders Pakistani police fired on four thousand fleeing refugees from three sides. Hundreds shot dead. Many injured in hospitals Thousands in Pakistan are stranded and being tortured"

नेहरू लियाकत समझौते के अन्तर्गत उन्हें भारत तक सुरक्षित लाने की व्यवस्था की गई थी । अगर पाकिस्तानी उस समझौते का पालन करने के लिये तैयार नही है, तो जो हिन्दू आना चाहते है उन्हे भारत तक सुरक्षित लाने के लिये हमें फौज भेजने के लिये भी तैयार रहना चाहिये । हम उन हिन्दुओं को पाकिस्तान में मरने के लिये नही छोड सकते ।

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी का यह कहना ठीक नही है कि उनके प्रति हमारा केवल नैतिक दायित्व है और कोई सवैधानिक, कानूनी दायित्व नही है । हम उनको दिये गये आश्वासनों के साथ बधे हुए है । वे आश्वासन राजनैतिक है, वे आश्वासन ऐतिहासिक है । देश का बटवारा इसी आधार पर हुआ था कि दोनों देशों के अल्पसख्यकों के साथ न्याय किया जायगा । हमने उस आश्वासन का पालन किया है, पाकिस्तान ने उस आश्वासन का पालन नही किया । एक दृष्टि से पाकिस्तान के कायम रहने का सारा आधार ही खतम हो गया है ।

हमने अपने देश में पवित्र अग्नि को लेकर आए हुए पारसियों को आश्रय दिया । तिब्बत से आये हुए बेघरबार बधु हमारे देश में रहते है । क्या पूर्वी पाकिस्तान के हिन्दुओं के लिये हमारे हृदय में उतनी भी मानवता नही है ? उनके प्रति हम क्या करने जा रहे हैं ? कहा जाता है, हम क्या कर सकते है ? पहला काम तो हम यह कर सकते है कि जो भी आना चाहते है उन्हे आने दें और उनको बसाने की पूरी जिम्मेदारी ले । अभी तक, जो पहले के पुरुषार्थी आये हुये है वे सियालदा की सडकों पर पडे है । उन्हे भी अभी बसाया नही जा सका । आवश्यकता हो तो केन्द्रीय वित्त मत्री नए बजट में एक **रिहैबिलिटेशन लेवी** लगा सकते हैं । सारा देश उन अभागे भाइयों को बसाने के लिये कुछ कर देने में संकोच नही करेगा ।

लेकिन शासन का दृष्टिकोण इस संबध में बदलना चाहिये । एक बडी चिन्ता की बात यह हुई कि पूर्वी पाकिस्तान के दंगों की प्रतिक्रिया कलकत्ते में हुई । कलकत्ते में भी झगड़े हुए ये झगडे नही होने चाहिये और हमें पाकिस्तान की नकल नही करनी चाहिये । लेकिन अगर कलकत्ते की पुलिस और पाकिस्तान तत्व जरा संयम से काम लेते तो कलकत्ते में रक्तपात रोका जा सकता था । कलकत्ते के दगों का आरम्भ विद्यार्थियों के

एक जलूस से हुआ । जलूस शान्ति पूर्ण था और उस जलूस से पहले कलकत्ते में कोई उपद्रव नही हुआ । लेकिन उस जलूस पर हमला किया गया उस पर सोडा वाटर की बोतले फेकी गई तीन विद्यार्थियों को छुरा मार दिया गया और पुलिस ने दीन बन्धु एण्ड्रूज कालेज में घुस कर एक विद्यार्थी को गोली से मार डाला । इसके बाद ही दगे की आग भडकी ।

इस बात की जाच होनी चाहिये कि कलकत्ते के उपद्रव मे पाकिस्तानी तत्वों का कितना हाथ था ? क्या यह सच है कि कलकत्ते में दंगे आरम्भ होने से पहले तरह तरह की अफवाहे फैलाई गई थी ? क्या यह सच है कि पाकिस्तानी तत्वों ने अपने मकान और अपनी जायदाद का पहले से ही बीमा करा लिया था ? क्या यह सच है कि जब दगाग्रस्त क्षेत्र से कुछ मुसलमानों को एक ट्रक से हटाया जा रहा था तो उस ट्रक पे बम फेका गया और एक बम प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कार्यालय के सामने फटा ? बाद में उस ट्रक की पुलिस ने तलाशी ली तो बम बरामद नही हुए किन्तु जब ट्रक आगे चली तो उस में आग लग गई । यह सब कैसे हुआ ? यह ऐसे तथ्य है जिन से जनता के मन मे भ्रम पैदा होता है । उस भ्रम का निराकरण करना बहुत जरूरी है । केन्द्रीय सरकार द्वारा इस बारे में जाच होनी चाहिये । कलकत्ते के उपद्रव के सम्बन्ध में यह धारणा पैदा होने देना कि जो कुछ किया वह सब हिन्दुओं ने किया और पाकिस्तान के साथ साठ गाठ करने वाले तत्वों ने कुछ नही किया, यह सच्चाई के खिलाफ होगा यह दुनिया में भारत को बदनाम करने के पाकिस्तानी जाल में फसना होगा । कलकत्ते मे जो कुछ हुआ वह लज्जाजनक है । हमारे देश मे हर एक नागरिक के जीवन की, सम्मान की, रक्षा की जानी चाहिये । लेकिन एक बात साफ समझ ली जानी चाहिये कि अगर हम पूर्वी पाकिस्तान में हिन्दुओं की रक्षा की जिम्मेदारी नही ले सकते तो भारत में साम्प्रदायिक शाति बनाये रखना बहुत मुश्किल होगा । आखिर इस देश में इन्सान रहते है और उनके हृदय में भावना है । कलकत्ते की पुलिस में ऐसे लोग थे जिनके घरवाले पूर्वी पाकिस्तान में कत्ल कर दिये गये । हम उनसे कैसे आशा कर सकते है कि वे अपने कर्त्तव्य का दृढता के साथ पालन कर सकेगे । फिर भी हमें मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करना है । जितनी दृढता के साथ कलकत्ते में उपद्रव दबा दिये गये, उतनी ही दृढता के साथ पाकिस्तान के खिलाफ भी कदम उठाया जाना चाहिये ।

हमने इस प्रश्न पर विश्व के जनमत को प्रशिक्षित तथा जागृत करने के लिये कोई बात नही की । पूर्वी पाकिस्तान की घटनाओं पर पर्दा डालने के लिये पाकिस्तान ने काश्मीर का सवाल सयुक्त राष्ट्र सघ में उठाया । पूर्वी पाकिस्तान मे हिन्दुओं का जो नरसहार हो रहा है, उसकी ओर हमने किसी विश्व सगठन का ध्यान नही खीचा ।

भारत मे जो पाकिस्तानी रहते है जिनकी सख्या का हमें पता है । हम क्यों नही उनसे भारत छोडकर जाने के लिये कहते ? आसाम में पाकिस्तानी अवैध रूप से घुस रहे है और घुस आए है उनको निकालने में हमने कमी कर दी है, क्योंकि इस से पूर्वी पाकिस्तान मे दगे हो जायेगे । दगे तो पूर्वी पाकिस्तान में हो रहे है फिर भी हम आसाम मे पाकिस्तानियों को निकालने मे ढिलाई कर रहे है । ८ से १० लाख तक पाकिस्तानी आसाम मे बसे हुए है । पश्चिमी बगाल मे उनकी सख्या ४ लाख है । सारे देश मे सन् १९६१ की जनगणना के अनुसार ५० लाख पाकिस्तानी रह रहे है । उन से कहा जा सकता है कि वे भारत छोडकर पाकिस्तान चले जाये । जो भारत के नागरिक है, मजहब के आधार पर उनके साथ भेद भाव नहीं होना चाहिये । मगर पाकिस्तानियों को दो देशों की नागरिकता का उपभोग करने की छट नहीं देनी चाहिये । पाकिस्तान पर कूटनीतिक और आर्थिक दबाव डालना चाहिये । हमे शिलाग

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

में पाकिस्तान के कार्यालय को बंद कर देना चाहिये, हमें बेरुबाडी के समझौते को तोड देना चाहिये । हमें पाकिस्तान से कह देना चाहिये कि अगर पाकिस्तान पूर्वी पाकिस्तान के हिन्दुओं के साथ न्याय नहीं करेगा तो भारत की शक्ति में जो भी कदम होगा वह उठायेगा ।

गैर सरकारी तौर पर मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश के कुछ नेताओं को पूर्वी पाकिस्तान जाना चाहिये । कठिनाई यह है कि यह सरकार न तो सरदार पटेल की भाषा में बात कर सकती है और न यह सरकार गांधी जी के कदमों पर ही चल सकती है । शांति और अहिंसा का उपदेश देने वाले क्यों नहीं ढाका और खुलना जाते और वहां के हिन्दुओं की स्थिति देखते? प्रोफेसर हुमायूं कबिर जा सकते हैं, जनरल शाहनवाज खां जा सकते है, हमारे श्री फखरुद्दीन अहमद जा सकते है और पूर्वी पाकिस्तान के मुसलमानों से कह सकते है कि अगर तुम पाकिस्तान मे रहने वाले हिन्दुओं के साथ न्याय नहीं करोगे तो हम भारत में मुसलमानों के साथ न्याय की मांग कैसे कर सकते है ? मगर गांधी जी का नाम लेने वाले गांधी जी के कदमों पर चलने के लिए तैयार नहीं है । पूर्वी पाकिस्तान में महिलाओं की क्या स्थिति हो रही है ? क्यों नहीं डा० सुशीला नायर वहां जाती, क्यों नहीं गवर्नर पद्मजा नायडू जाती ? श्रीमती इंदिरा गांधी भी थोड़ा समय निकाल कर वहां जा सकती है ।

SHRI JOSEPH MATHEN (Kerala): Why don't you go there?

श्री ए० बी० वाजपेयी : मैं जाने के लिये तैयार हूं, अगर कोई चलने को तैयार हो । मगर हमारे जनरल सेक्रेटरी को तो पश्चिमी बंगाल से ही निकाल दिया गया, पूर्वी पाकिस्तान में कौन जाने देगा । हम गैर सरकारी आधार पर इस बात का प्रयत्न करे और इस समस्या को सुलझाने के लिये गम्भीरता से आगे बढें ।

उपसभाध्यक्ष जी, पूर्वी पाकिस्तान के दंगो को काश्मीर के साथ जोडा गया । काश्मीर की जनता के साथ नई दिल्ली न्याय नहीं कर रही है । काफी वर्षो के बाद काश्मीर से मिली जुली आवाज उठी कि केन्द्रीय सरकार को वहां पर हस्तक्षेप करना चाहिये । अगर हम ऐसा नहीं करते है तो हम काश्मीर की जनता के साथ बेइन्साफी करेंगे । काश्मीर की वर्तमान सरकार वहां की जनता का विश्वास खो चुकी है । अब मौका है केन्द्रीय सरकार को हस्तक्षेप करने का । जो सरकारी अफसर हमने भेजे थे, एक को जम्मू काश्मीर का ज्वाइन्ट सेक्रेटरी बनाकर भेजना चाहते थे और एक को इन्फारमेशन डायरेक्टर, बना कर । जब वे श्रीनगर पहुंचे तो उन से कहा गया कि किसी कागज को हाथ मत लगाना और वे अपना बोरिया बिस्तर बांध कर वापस आ गये । वहां पर केवल कुछ अफसरों को भेजने का सवाल नहीं है । जम्मू काश्मीर की जनता का जो विश्वास डिग गया है उनको फिर से जमाना होगा और इसके लिए कठोर कार्यवाही होनी चाहिये । मैं श्री तारिक के सुझाव का स्वागत करता हूं कि संसद् के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल जम्मू काश्मीर जाये और जम्मू काश्मीर की स्थिति का अध्ययन करे । संसद् को भी एक विशेष समिति नियुक्त करनी चाहिये और इस बात की जांच करनी चाहिये कि ऋण के रूप में, अनुदान के रूप में, जम्मू काश्मीर राज्य को अब तक जो धनराशि दी गई है वह किस तरह से खर्च की गई । पी० ए० सी० और इस्टीमेट कमेटी यह काम नहीं कर सकती । इस के लिये संसद् की एक विशेष समिति नियुक्त होनी चाहिये ।

भारत की जनता को सुरक्षा परिषद् में ब्रिटेन के प्रतिनिधि ने जिस तरह से भाषण दिया बड़ा धक्का लगा है ।

चीन के आक्रमण के समय ब्रिटेन जिस तरह से हमारी सैनिक सहायता पर आया और उससे जो सदभावना हुई थी, मित्रता के जो बधन दृढ हुये थे, उन्हे वर्तमान रवैये से गहरा धक्का लगा है । पाकिस्तान और भारत दोनो राष्ट्रमडल के सदस्य है और ब्रिटेन राष्ट्रमडल का प्रमुख है । दो राष्ट्रमडलीय देशो के झगडे मे ब्रिटेन को तटस्थता की नीति अपनानी चाहिये । वह पाकिस्तान को आक्रमणकारी भी नही कहता । वह बदली हुई परिस्थिति को स्वीकार करने से इन्कार करता है । वह पूर्वी पाकिस्तान के दगो के लिये भी पाकिस्तान को दोष देना नही चाहता । ब्रिटेन के प्रतिनिधि ने भारत और ब्रिटेन के सम्बन्धो के लिये बहुत बुरा काम किया है । यदि यह रवैया जारी रहा तो भारत मे यह आवाज उठेगी कि हमे ब्रिटिश राष्ट्रमडल से अपने सम्बन्ध तोडने चाहिये । काश्मीर हमारे लिये राजनीतिक की शतरज का मोहरा नही है । यह हमारे लिये शीत युद्ध का एक अग भी नही है । ऐसा लगता है कि ब्रिटेन की वर्तमान सरकार फूट डालो और राज्य करो की साम्राज्यवादी नीति से अभी तक अपने को पूरी तरह अलग नही कर सकी है । भारत की जनता, अमेरिका के प्रतिनिधि सुरक्षा परिषद् में क्या कहते हैं, इस बात की प्रतीक्षा कर रही है ।

हम चाहते है कि पाकिस्तान से झगडा न बढे । देश में कोई ऐसी पार्टी नही है जो पाकिस्तान से लडाई चाहती है । श्री देवकीनन्दन नारायण यहा नही है । कल उन्होने श्री गोलवलकर का नाम लिया और कहने लगे कि वे अखड भारत की बात करते हैं । अखड भारत की बात तो मैं भी करता हू । अखंड भारत की बात करना कोई जुर्म नहीं है । मैं सपना देखता हूं कि भारत और पाकिस्तान कभी एक होंगे । अगर जर्मनी के एक होने का सपना देखा जा सकता है, अगर कोरिया और वियतनाम के एक होने का सपना देखा जा सकता है, तो भारत के एक होने का सपना क्यो नही देखा जा सकता । मगर यह सपना जोर और जबरदस्ती से पूरा नही होगा । इस सपने को पूरा करने के लिये फौज काम में नही लाई जायेगी । यह लडाई के जरिये प्राप्त नही किया जायेगा । यह हृदय परिवर्तन से प्राप्त होगा । पाकिस्तान की जनता जब चाहेगी तभी यह सपना पूरा होगा । उन्हे किसी के भाषण को संदर्भ से तोड कर, मरोड कर, सदन में पेश नही करना चाहिये । मैं वह समय देखता हू जब भारत और पाकिस्तान के बीच में एक ढीला महासघ और रक्षा की दृष्टि से, यातायात की दृष्टि से और विदेश सम्बन्धों की दृष्टि से हम निकट आ जाये । आज तो यह सपना ही है मगर यथार्थ कितना भी कटु हो हम सपना देखना तो नही छोड सकते । जो "जय जगत" का नारा लगाते हैं वही अखड भारत के सपने पर आपत्ति करते हैं, यह मेरी समझ में नही आ सकता । लेकिन जब तक पाकिस्तान अलग है, हमें पाकिस्तान के प्रति दृढ नीति अपनानी होगी । कमजोर नीति को उदारता नही समझा जाता । उस के ग़लत अर्थ लगाये जाते हैं । जब हम चीन से सघर्ष में फसे है, हम पाकिस्तान से झगडा बढाना नही चाहते । मगर मुझे ऐसा दिखाई दे रहा है कि दो तीन महीने में पाकिस्तान से सम्बन्ध और भी बिगडेगे और उस समय हमें सतर्क रहना होगा, देश के भीतर काम करने वाले पाकिस्तानी तत्वो पर नजर रखनी होगी और कम्युनिस्ट पार्टी के उस हिस्से पर भी नजर रखनी होगी जो चीनपरस्त है और चीनपरस्त होने के कारण आज पाकिस्तानपरस्त हो रहा है ।

मुझे खेद है कि कलकत्ता के दंगों के संबंध में जो बातें कही गई हैं वह एकतरफा है और एकतरफा बाते यह बताती है कि हम ऐसा प्रचार करना चाहते है जो प्रचार

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

न तो सत्य पर आधारित है और न राष्ट्र के हितों के लिये काम में आ सकता है। ऐसे प्रचार से हमको सावधान रहना चाहिये।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक बात और कह कर खत्म कर दूगा। अभी गृह मत्री जी ने घोषणा की है, आज प्रश्नोत्तर काल में भी उसकी चर्चा हुई थी कि दो साल के भीतर भ्रष्टाचार खत्म कर दिया जायेगा। मैं नही जानता कि किन ज्योतिषियों से विचार विमर्श कर के, किस पचाग को देख कर के उन्होने दो साल का समय निर्धारित किया है। यह समय डेढ साल क्यों नही हो सकता ? यह समय तीन साल क्यों नही हो सकता ? भ्रष्टाचार का निराकरण आवश्यक है, लेकिन इस समय जो नाटकीय कदम उठाये जा रहे है, वे भ्रष्टाचार नही मिटा सकते। दिल्ली में हमने एक नाटक देखा। कसमें खिलाई गई। रामलीला मैदान में हरिजन बन्धुओं को इकट्ठा किया गया, झाड़ लगाने वालों को, और प्रधान मत्री जी को वहा ले जाया गया, और उन हरिजन बधुओं को कसम खिलाई गई कि वे रिश्वत नही लेगे। हरिजन बन्धु कितनी रिश्वत लेते है? और क्या रिश्वत इसलिये ली जाती है कि लेने वालों ने कसम नही खाई है? क्या कसम खाने के बाद वे रिश्वत नही खाएगे ? अभी दिल्ली मे एक घटना हुई है। एक ठेकेदार थे। वे कही अपना गलत काम करने के लिये रिश्वत देने लगे। जिन अफसर को रिश्वत लेनी थी उन्होने कहा कि मैं तो रिश्वत नही ले सकता, क्योंकि मैंने कसम खाई है। फिर थोडी देर में वे बोले कि मेरी पत्नी ने कसम नहीं खाई है। तो क्या पतियो के साथ पत्नियों को भी कसमें खिलाई जायेंगी ? क्या गाठ बाध कर वेदी पर बैठ कर शपथ ली जायगी ? और अगर पत्नियों को कसमें खिला दी गई तो बच्चे तो बच ही जायेगे और फिर उन के नाम पर रिश्वतें ली जायगी। मुझे एक और आशका है कि जब तक लोगों ने कसमें नही खाई थी तब तक दो चार रुपये में काम हो जाता था। अब कोई दो चार रुपये में काम करने वाला नही है क्योंकि दो चार रुपये अगर कोई देगा तो वे कहेंगे कि हमने कसम खाई है। भला दो चार रुपये के लिये कसम क्यो तोडें ? अगर सौ पचास रुपये दे तो कसम तोड भी सकते है। इस तरह रिश्वत के साथ कसम की कीमत भी मिल जायेगी और देने वाले को यह बडा महगा पडेगा। स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार को मिटाने का यह तरीका नही है। भ्रष्टाचार को अगर मिटाना है तो ऊचे क्षेत्रों मे शुद्धाचरण आदर्श रखा जाना चाहिये। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि जैसे बड लोग आचरण करते हैं, बाकी लोग वैसा ही अनुकरण करते है। कोई यह नही कह सकता है कि मत्री स्तर पर भ्रष्टाचार नही है। उसकी जाच कैसे होगी ? आध्र के मुख्य मत्री इस्तीफा देने जा रहे हैं, मगर पजाब के मुख्य मत्री चिपके हुये हैं। क्या सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान आध्र में ही होना चाहिये, पजाब मे नही होना चाहिये ? पजाब के मुख्य मत्री ने इस्तीफा क्यों नही दिया ?

पजाब के गृह मत्री ने विरोधी दल पर आरोप लगाया कि वे विरोधी शक्तियों के साथ साजिश कर रहे है। जब मैंने सदन मे कहा कि अगर यह आरोप साबित नही किया गया तो मैं भूख हडताल करूगा तो वे पलट गये और कहने लगे कि मैंने ऐसा नही कहा अगर उन्होंने ऐसा नही कहा था तो दूसरे दिन उसका खडन कर सकते थे। यदि विदेशी शक्तियों के साथ साजिश करने का आरोप लगाया जाता है तो फिर उसे साबित किया जाये और अगर साबित न किया जाये तो कम से कम उसका खडन करके उसको खत्म किया जाये। मगर पजाब के गृह मत्री यह भी नही कर सकते।

दास कमिशन के सामने—मैं उस की चर्चा नहीं करना चाहता क्योंकि जांच हो रही है—जो तथ्य आ रहे हैं वे बड़े गंभीर हैं। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों को अगर आश्रय देगी, तो विजिलेंस कमिशन की घोषणाऐं भ्रष्टाचार को नहीं मिटा सकती। आवश्यकता इस बात की है कि जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप हैं उनकी जांच की जाय, खुली जांच की जाय और जांच के दौरान में वे अपने पद से इस्तीफा दे दें। अगर जांच में वे निर्दोष साबित हो जांय तो अपने पद पर सम्मान वापस आ सकते हैं। लेकिन अगर भ्रष्टाचार के निराकरण का मतलब यह है कि छोटी-छोटी मछलियों को फांसा जाय और बड़े-बड़े मगरमच्छ जाल में से निकल जांय तो जनता में विश्वास पैदा नहीं हो सकता।

दिल्ली की जनता और देश की जनता इस बात की प्रतीक्षा कर रही है कि दिल्ली में जो एक कोआपरेटिव स्टोर चलता है, जिस ने गुड़ में मुनाफाखोरी की थी और जिस कोआपरेटिव स्टोर के संचालक एक बड़े कांग्रेस के नेता हैं, जिनके विरुद्ध जांच हो रही है। उस जांच का परिणाम क्या होगा? उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की जाने वाली है? यह एक मामला है जो सब के सामने है। यह कसौटी है कि उस पर गृह-मंत्रालय क्या करता है। गृह मंत्रालय कठोर कार्यवाही कर सकता है। भ्रष्टाचार के निराकरण का प्रश्न किसी पार्टी का प्रश्न नहीं है, सब के सहयोग से देश में ऐसा वातावरण बनाया जा सकता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन और हमारा शासन शुद्ध हो, भ्रष्टाचार से रहित हो। मगर इसका प्रारम्भ केन्द्र से होना चाहिये, नई दिल्ली से होना चाहिये। लेकिन नई दिल्ली में आज नया कदम उठाने की, दृढ़तापूर्ण कदम उठाने की स्थिति नहीं दिखाई देती —यह स्थिति बदली जानी चाहिये, यही मेरा निवेदन है। धन्यवाद।

شری پیر محمد خان (جموں اینڈ کشمیر): وائس چیرمین صاحب میں پریذیڈنٹ صاحب کے ایڈریس پر جو ووٹ آف تھینکس کا موشن آیا ہے اس کا سمرتھن کرنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں - میں زیادہ تر کشمیر کے متعلق اپنے خیالات کا اظہار کرونگا لیکن پہلے چائنا کے متعلق بھی تھوڑا کہنا چاہتا ہوں - چائنا کے متعلق ایک پالیسی ہی کام آئے گی کہ ہم اپنے آپ کو مضبوط کریں اور اپنا علاقہ واپس لیں - پاکستان کے متعلق جو کچھ سیکورٹی کونسل میں ہو رہا ہے اس کو دیکھنے کے بعد اور سیکورٹی کونسل میں جو کچھ پہلے ہو چکا ہے اس کو دھیان میں رکھنے کے بعد میرا خیال ہے کہ ہمیں آئندہ یہ کرنا چاہئے کہ اگر پاکستان پھر سیکورٹی کونسل میں جائے تو ہم اس شرط پر ہی وہاں جائیں کہ وہ ایگریشن ویکھت کر دے اور جب تک وہ ایگریشن ویکھت نہ کرے تب تک ہمیں ایسی میٹنگوں میں شامل نہیں ہونا چاہئے -

اب میں کشمیر کے متعلق کہنا چاہتا ہوں - کشمیر میں تازہ واقعہ موئے مقدس کی چوری کا جو ہوا وہ کچھ اس طرح ہوا کہ اس سے دو دن پہلے غالباً ۲۴ دسمبر کو کشتواڑ میں

شری پیر محمد خان : اس کے بعد وہاں تحقیقات وغیرہ شروع ہوئی۔ اب تک وہاں وہ الیمنٹ جو پرو پاکستانی تھا اور کچھ قسکریلنڈ الیمنٹ تھا انہوں نے مل کر ایک ایکشن کمیٹی جہت پت بنالی۔ ان کو ایک موقعہ ملا اور اس موقعہ سے انہوں نے فائدہ اٹھانا چاہا۔ کس کے خلاف۔ انڈیا کے خلاف۔ کشمیر کے خلاف تو کیا ہونا تھا۔ انڈیا کے خلاف فائدہ اٹھانا چاہا۔ اس ایکشن کمیٹی کے ۱۲ یا ۱۳ ممبر ہیں اور اس میں مجارٹی ان ممبرس کی ہے جو کہ میر واعظ فیملی کے ہیں۔ میر واعظ وہ شخص ہیں جو کہ پاکستان میں ہیں۔ مسلم کانفرنس کے ۱۹۴۷ع سے پہلے پریذیڈنٹ تھے اور وہ پاکستان کے ساتھ ریاست کا الحاق چاہتے تھے۔ اس کے علاوہ مولوی مسعودی صاحب اس کے جنرل سیکریٹری اور کرتا دھرتا ہیں۔ اس کے علاوہ کچھ پلیبیسائٹ فرنٹ اور پولیٹیکل کانفرنس کے آدمی ہیں جو کہ سب پرو پاکستانی ہیں۔ مولوی مسعودی صاحب وہ ہیں جو کہ شیخ عبداللہ صاحب کے ہم خیال ہیں اور ۱۱ تاریخ کی سیکوریٹی کونسل کی ڈیبیٹ میں چاگلہ صاحب نے بالکل صاف شبد میں کہا ہے کہ مسعودی ایونیشن گروپ کا آدمی ہے تو یہ ایک ایکشن کمیٹی بنی اور

[شری پیر محمد خان]

جو کہ جموں سے ۱۲۰ میل نارتھ ویسٹ کی طرف ایک جگہ ہے وہاں ایک زیارت کو آگ لگائی گئی اس کے تھیک دو دن کے بعد یہ موئے مقدس کی چوری سری نگر حضرت بل میں ہوئی اور پھر اس کے تین دو دن کے بعد جموں میں ایک مندر سے دو مورتیاں نکالی گئیں۔

شری اے۔ ایم۔ طارق : وائس چیرمین صاحب۔ میں آپ کی توجہ اس طرف دلانا چاہتا ہوں کہ یہ واقعہ نہیں ہے۔ یہ غلط ہے۔

شری پیر محمد خان : آپ میرا وقت ضائع نہ کیجئے۔ مجھے کہنے دیجئے۔

SHRI A. M. TARIQ: I rise on a point of order.

کشمیر واز میں کسی زیارت میں آگ نہیں لگائی گئی۔ یہ غلط ہے۔

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : तारिक साहब, आप बोल चुके हैं, उनको बोलने दीजिये ।

SHRI A. M. TARIQ: He is giving wrong information.

SHRI B. D KHOBARAGADE (Maharashtra): Congress people should not fight amongst themselves.

SARDAR RAGHBIR SINGH PANJHAZARI (Punjab): How can he say that he is giving wrong information?

انہوں نے لوگوں میں یہ بات پھیلائی کہ یہ سب کچھ بخشی صاحب نے اور ان کے ساتھیوں نے کرایا ہے - بیچ بیچ میں یہ ہوا پھیلی - ایک مسلمان کے سنٹیمینٹس کو آپ جانتے ہیں کہ ایسی چیز کا جب نقصان ہو بڑے فلیرڈ اپ ہو جاتے ہیں - ایک تو اس وقت ان کلہور لوگوں نے یہ فائدہ اٹھایا اور جوش پیت ایک دھار بخشی صاحب کی طرف موڑ دی - ماس سمپتھیٹی تیار کی - لوگ اکٹھے ہوئے، جلسہ جلوس ہوا، بڑا رونا پیٹنا ہوا - اس کی گمشدگی پر - تو اس کی دھارا اس طرح پھیر دی اور اس طرح بھڑنے پر کیا ہوا - لال چوک میں --- بہت سے صاحبان نے وہ جگہ دیکھی ہوگی وہاں ایک جلسہ ہوتا ہے - ان میں جب یہ بات پھیل گئی تو لال چوک کے قریب بخشی صاحب کے رشتہ داروں کی جو کچھ عمارتیں تھیں ان کو آگ لگائی گئی - ان کو چھوڑ دیجئے وہ تو ایک پرائیویٹ پراپرٹی تھی پھر ان کو اکسایا گیا اور انہوں نے پھر پولیس تھانہ پر حملہ کرکے اس کو جلا دیا - ہوم منسٹر صاحب نے اپنے بیان میں جو کہ کل انہوں نے دیا ہے صاف بتایا ہے کہ فائرنگ تھانہ جلانے کے بعد ہوئی اور اس وقت ہوئی جب کہ پولیس پر باہر ایسالٹ ہونا شروع ہو گیا - فائرنگ تب ہوئی - اس طرح فائرنگ نہیں ہوئی کہ ایک آدمی کہتا تھا کہ مجھے انصاف دو اور آگے سے اسے پکڑ کر گولی مار دی - یہ بات نہیں تھی - فائرنگ اس وقت ہوئی جب کہ ایک تو تھانہ جلا رہے تھے اور دوسرے اس وقت جس وقت کہ پولیس پر حملہ شروع ہو گیا تھا - تو سیلف ڈیفنس میں فائرنگ ہوئی -

خیر یہ چیز ہوئی - اب گورنمنٹ آف انڈیا نے اسٹیٹ کی ہمدردی ہونے کی وجہ سے جو کہ اس کو کرنا چاہئیے تھا کچھ یہاں سے امداد بھیجی - انٹیلیجنس برانچ کے کچھ افیسرس اور ہوم سیکریٹری وہاں گئے - تو انٹیلیجنس برانچ نے موئے مقدس کو ڈھونڈنے میں حصہ لیا اور اس کی تحقیقات میں حصہ لیا - اس تحقیقات کے متعلق ایک دو بیان ہوم سیکریٹری نے دئے تو اس کلہور گروپ نے لوگوں میں کہنا پھیلا دیا کہ اسٹیٹ گورنمنٹ معطل ہو گئی ہے اور اب انڈیا گورنمنٹ نے سارا کچھ انتظام ہاتھ میں لے لیا ہے، اس طرح کچھ اور فضا خراب ہوئی - خیر اب دیکھنا یہ ہے کہ ایک چیز گم ہوئی ہے اور پاکستان ریڈیو میں اور وہاں کے لیڈروں کے بیان میں یہ بات

جانتا ہوں - جو اس کا اسٹینڈ، جو اس کا دلی لگاؤ انڈیا کے ساتھ اس وقت تھا وہی لگاتار اس وقت تک ہے اور اس سے بڑے لوگوں میں وہ بات نہیں رہی - اور میں آپ کو یہ بات بتاؤں کہ یہ وہی شخص ہے جس نے کشمیر اسمبلی سے ایکسیشن پر مہر لگوائی - آپ میں سے بہت حضرات نے جموں اور کشمیر دیکھا ہوگا آپ دیکھئے وہاں کیا پروگریس ہوئی ہے اور جو پروگریس ہوئی ہے وہ بخشی ہی کے ریجیم میں ہوئی ہے اور قاعدہ کی بات ہے کہ اگر ایک آدمی کی طبیعت ایک آدمی کو نہیں چاہتی تو اس کی اچھی باتیں کوئی نہیں دیکھتا البتہ یہ کوشش کی جاتی ہے کہ اس کو خراب ظاہر کیا جائے -

پھر ایک بڑے تعجب کی بات یہ ہے کہ کہا جاتا ہے کہ کشمیر کے لوگ اب اس حکومت کو نہیں چاہتے کوئی وقتی چیزیں ایسی بھی ہوتی ہیں کہ جس سے کچھ شیک اپ ہوتا ہے - جیسا کہ اس معاملہ میں ہوا - لوگوں کے کان بھر دئیے گئے کہ یہ سب کچھ بخشی نے کرایا - اور بخشی نے اور حکومت نے دونوں نے کرایا ہے کیوں کہ دونوں کو اپنی تباہی کرنی ہے - اس واسطے ان کی تھوڑی مخالفت بھی ہوئی - مگر میں ایک چیز عرض کرنا چاہتا ہوں - جو اس کا اسٹینڈ، جو اس کا دلی لگاؤ انڈیا کے ساتھ اس وقت تھا وہی لگاتار اس وقت تک ہے اور اس سے بڑے لوگوں میں وہ بات نہیں رہی - اور میں آپ کو یہ بات بتاؤں کہ یہ وہی شخص ہے جس نے کشمیر اسمبلی سے ایکسیشن پر مہر لگوائی - آپ میں سے بہت حضرات نے جموں اور کشمیر دیکھا ہوگا آپ دیکھئے وہاں کیا پروگریس ہوئی ہے اور جو پروگریس ہوئی ہے وہ بخشی ہی کے ریجیم میں ہوئی ہے اور قاعدہ کی بات ہے کہ اگر ایک آدمی کی طبیعت ایک آدمی کو نہیں چاہتی تو اس کی اچھی باتیں کوئی نہیں دیکھتا البتہ یہ کوشش کی جاتی ہے کہ اس کو خراب ظاہر کیا جائے -

(شری پیر محمد خان)

آئی ہے کہ ایک ہندو نے چرایا ہے، گورنمنٹ آف انڈیا نے یہ کرایا ہے اور اس واسطے کرایا ہے کہ مسلمانوں کو وہاں سے نیست و نابود کر دیا جائے وغیرہ وغیرہ - وہ جماعت جو اس وقت وہاں ریاست میں مجارٹی میں ہے اس : یہ ٹریڈیشن تھا نیشنل کانفرنس کا یہ ٹریڈیشن تھا کہ کمیونل ہارمنی ہو اور سب کو اپنا بھائی سمجھیں اور یہی ٹریڈیشن نیشنل کانفرنس کا رہا ہے جس کی وجہ سے ۱۹۴۷ء میں کشمیر ویلی میں کوئی کمیونل رائٹ نہیں ہونے دیا گیا-یہ اسی جماعت کی ٹھچلک تھی اور وہی چیز اور وہی ٹریڈیشن چلا آ رہا ہے - پاکستان ریڈیو کے اتنا اکسانے کے باوجود اور سب کچھ کرنے کے بعد وہاں کوئی کمیونل ٹینشن نہیں ہوا اور موئے مبارک کے گم ہونے کا رنج، اس کا افسوس، اگر ایک طرف مسلمان نے کیا تو دوسری طرف ہندو نے بھی کیا، سکھ نے بھی کیا اور جو کوئی بھی وہاں تھا سب نے کیا -

اب بخشی صاحب کے خلاف بہت سی باتیں کہی گئی ہیں - میں یہ نہیں کہتا کہ بخشی فرشتہ ہے، وہ بھی ایک انسان ہے - مگر یہ بخشی وہی ہے جس کو ۱۹۴۷ء سے میں ذاتی طور پر دیکھ رہا ہوں اور

کرنا چاہتا ہے - اس کے واسطے راستے کھلے ہوئے ہیں - وہ ہر برے یا اچھے راستے سے کرنا چاہے تو کر سکتا ہے - مثلاً ابھی اتنی چیزیں بتائی گئیں کہ جیسے کشمیر سے ہندوستان نے انصاف نہیں کیا - کیوں انصاف نہیں کیا؟ کیا کشمیری بھوکے مر رہے ہیں؟ ہندوستان مدد نہیں دیتا، کسی طرح کی سہولت نہیں دیتا، کسی بھی بات میں کوئی مدد نہیں کرتا، یہ سب باتیں کہی جاتی ہیں - بخشی صاحب کے متعلق ایک لطیفہ ہے --- یہاں تو ہوا ہی سیکرٹری کونسل میں بھی پاکستان کے ڈیلیگیٹ نے کہا--- بخشی صاحب کا کوئی بیان ریفر کر کے کہا - کہ بخشی صاحب بھی پلیبسائٹ چاہتے ہیں، یہ ہے، وہ ہے، اور وہ بیان جعلی طور پر، جعلی دستخطوں سے جاری کیا گیا اور اس کے بارے میں گورنمنٹ آف انڈیا کی ہوم منسٹری کو اچھی طرح سے پتہ تھا - اور اس جعلی بیان کی بنیاد پر کچھ دوستوں نے یہاں پر باتیں کہی ہیں اور کچھ دوستوں نے جموں سے بیان بھیجا - اس جعلی بیان کی بنیاد پر جس کے بارے میں ۱۱ تاریخ کی سیکرٹری کونسل کی میٹنگ میں مسٹر چھاگلا نے جعلی کہا - تو اس طرح کی چیزیں ہیں - بہت سی ایسی باتیں ہیں کہ ان کا جواب دینا بھی اخلاق کے خلاف سمجھتا ہوں- بخشی صاحب اور ان کی فیملی کے متعلق کہا جاتا ہے کہ ان کے پاس جائیداد اور پیسہ ہے - یہ بڑا الزام دو مورتیوں کی چوری ہوئی وہاں ان کی تحقیقات ہو رہی ہے - بد قسمتی سے وہ ابھی تک نہیں ملیں- وہاں کہا ہو رہا ہے کہ کہتے ہیں اس حکومت کو بدل دو - ہماری پرجا پریشد جو جن سنگھ کی ایک شاخ ہے کہتی حکومت کو بدل دو، پریزیڈنٹ رول کر دو، یہ کر دو، وہ کر دو- پرجا پریشد عبد اللہ کے وقت بھی یہی چاہتی تھی کہ پریزیڈنٹ رول ہو اور حکومت ختم ہو - پرجا پریشد بخشی صاحب کے وقت بھی یہی چاہتی تھی اور اس کا یہی مطلب تھا - تو یہ کوئی نئی چیز نہیں ہے اور پھر کئی افیسر یہاں سے گئے تو ادھر ادھر پبلک کو بتایا گیا کہ یہ تو سینٹرل گورنمنٹ رفتہ رفتہ اس گورنمنٹ کو معطل کر رہی ہے اور اب اس سے چارج لے لیگی - آج اور کل کے نیوز کو دیکھیں - ذمہ دار سرکاری آدمیوں کے بیان بیانات اخبار میں دیکھیں تو پتہ چلے گا کہ اس گورنمنٹ نے یہ ریکویسٹ کی کہ ہم کو ایڈمنسٹریشن کو ذرا اور اچھا کرنے کے لئے قابل آدمیوں کی ضرورت ہے اور گورنمنٹ آف انڈیا نے اس بات کو ویلکم کیا اور کچھ آفیسرس کشمیر بھیجے اور شاید کچھ اور اسپیئر کریں گی تو یہ کوئی خاص بات نہیں ہے- چیز یہ ہے - ٹھیک ہے کوئی شخص طبعی طور پر ایک چیز کی مخالفت

[شری پیر محمد خان]

لگایا جاتا ہے - دیکھئے - بخشی صاحب کی جو ذاتی جائیداد ہے اس کا حساب آپ دیکھ لیں - اس کو پوچھ لیں - باقی رہی ان کی فیملی، وہ اگر بزنس کرکے چار پیسے کما رہی ہے تو میں اور آپ کو کیا غرض - وہ ڈاکہ مار کر نہیں لائے - کسی کا گھر لوٹ کر نہیں لائے -

شری اے - ایم - طارق : تو کہاں سے لائے ؟

شری پیر محمد خان : اور پھر ایک الزام یہ لگایا گیا کہ بخشی نے پاکستانیوں کو رکھا اور چند ایک افسروں کے نام گئے - آپ انڈیا میں دیکھیں - بہت سے آدمی ہیں جنہیں میں جانتا ہوں، جو یہاں ملازمت میں ہیں اور ان کے رشتہ دار پاکستان میں ہیں - تو میر واعظ کے باپ کے مرنے پر بخشی نے چھٹی کر دی اور میر واعظ کے باپ ایک مانے ہوئے بھلے اور ایماندار آدمی تھے - دیکھئے - میر واعظ کے باپ بالکل پاکستانی نہیں تھے، بالکل سیدھے سادھے آدمی تھے - اور اگر ان کے مرنے کے بعد چھٹی بھی کر دی تو وہ ٹیزرو کرتے تھے یہ چیز - حالانکہ جو میں یہ کہتا ہوں کہ چھٹی کر دی تو یہ بھی سبجیکٹ ٹو کنفرمیشن ہے - یہ حکومت کی نگاہ میں ہے - مگر وہ چھٹی کی بھی گئی تو ٹھیک ہے - یہ بھی کہا گیا کہ دو تین سو آگ کی بھری ہوئی کانگڑیاں بخشی عبدالرشید کے سر پر ماری گئیں - ذرا اندازہ کیجئے، آگ کی بھری ہوئی کانگڑی ابھی ایک آدمی کو دو بھی مار کر دیکھ لیجئے، ایک کے بعد ہی کیا حال ہوگا اس کو دیکھ لیجئے اندازے کے طور پر - یہ تو مبالغہ کی انتہا ہے اور لوگوں کے جذبات کو ابھارنے کے لئے یہ طریقہ اختیار کرنا کوئی اچھی بات نہیں ہے - اس کے علاوہ ایک کہانی گھڑی گئی کہ ایک ایس - پی - نے، سرکاری ملازم نے ایک ہندو کو پستول سے مار دیا تاکہ ہندو مسلمان میں فسادات پیدا ہوں - تو آپ ان دونوں میں فرق دیکھئے کہ ایک جگہ تو کہا جائے کہ ایک ہندو نے موئے مبارک چرایا ہے اور دوسری جگہ یہ کہا جائے کہ ایک مسلمان ملازم نے ہندو کو مار ڈالا - زمین آسمان کا فرق ہے -

تو چیز یہ ہے کہ ایسی چیز کہدینے سے کیا فائدہ جس کا کوئی ثبوت نہیں ہے کہ ۳۰۰ آگ سے بھری کانگڑیوں کی یورش کسی آدمی پر چلیگی - جب یہ کسی آدمی کے سر پر لگتی ہیں تو وہ بچ نہیں سکتا - ابھی ہمارے خلاف دو سائڈ ہیں - ایک تو ڈسگرنٹلڈ گروپ کے پانچ چھ آدمی ہیں جن کو کامیابی نہیں ہوئی - پیچھے ابھی جو الیکشن ہوا، ان لیڈر آف دی ہاوس کے، اس میں ۱۰۰ کے مقابلہ میں انہیں چھ ووٹ ملے -

(THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair)

ہم نے کشمیر میں سوائے سترہ برسوں میں بہت کام کیا اور اس کو آگے بڑھایا - لیکن مہر واعظ یوسف صاحب اور چودھری غلام عباس کو پاکستان سے واپس لایا جائے یہ مانگ ہمارے مولانا مسعودی صاحب کرتے ہیں تاکہ وہ لوگ راؤنڈ ٹیبل کانفرنس میں بیٹھکر کشمیر کے معاملہ کا فیصلہ کریں - کتنی حیرانی کی بات ہے کہ جو لوگ اس طرح کی بات کیا کرتے ہیں ان کے خلاف ابھی تک کچھ نہیں کہا گیا - مولانا مسعودی صاحب وہی شخص ہیں جنہوں نے ۱۹۴۷ میں اور ۱۹۴۸ء کے شروع میں چودھری عباس کو جو جموں کی جیل میں قید تھے وہاں سے چھڑوا کر پاکستان بھجوایا تھا - اب وہی کہہ رہے ہیں کہ انہیں پاکستان سے واپس لایا جائے - مہرواعظ محمد یوسف اور غلام عباس یہ دونوں ریاست کی پاکستان میں شمولیت کے حق میں تھے - اس وقت غلام عباس فوجی تیاری کر رہے ہیں آزاد کشمیر میں تاکہ وہ کشمیر کے اس حصہ پر جو کہ ہمارے قبضہ میں ہے اس پر حملہ کر سکیں - مولوی مسعودی صاحب - مہر واعظ صاحب ، غلام عباس صاحب اور شیخ عبداللہ صاحب بھی کیا کشمیر کے معاملہ کا فیصلہ کر سکتے ہیں ؟ یہ کتنی مضحکہ خیز بات ہے - گر

شری اے - ایم - طارق : آپ بھی مبالغہ سے کام لے رہے ہیں -:۷ ہیں؟ ۱۰۰ نہیں ہیں -

شری پیر محمد خان : کسی وجہ سے جو ووٹ پانے والوں کو لیڈر آف دی ہاوس تسلیم کیا جا سکتا ہے - میں اس میں کونسل کے ممبروں کو بھی شامل کرتا ہوں - میں کہتا ہوں کہ اس گروپ کی طرف سے جو یہ کہتا ہے کہ ہم نے کافی اسٹریلنگتھ بنالی ہے کشمیر گورنمنٹ کے خلاف نو کانفیڈنس موشن لائے گا - تو بڑی اچھی بات ہے اور یہ ایک کلسٹی ٹیوشنل وے ہے - آپ تو کانفیڈنس موشن لائیے اور ساری بات ٹھیک ہو جائے گی - اگر وہ پاس ہو جائے گا تو آپ کی اسٹریلنگتھ معلوم ہو جائے گی - لیکن آپ قیامت تک اس کو نہیں لا سکتے ہیں - جو کچھ مرضی ہے آپ کہہ سکتے ہیں اور وہ آپ کے لئے ٹھیک ہے - میں پھر آپ کو یاد دلاؤں کہ ایک زندہ شخص ۲۰۰ کانگڑیوں کی آگ کی یورش کے نیچے آئے گا تو زندہ نہیں رہ سکتا - آپ لوگ اور مولوی مسعودی صاحب جو اس ایکشن کے روح رواں ہیں اور نئی ڈیمانڈ پیش کرتے ہیں؟ جن کی بڑی تعریف ڈسگرنٹلڈ گروپ میں کی جاتی ہے؟ وہ نئی نئی باتیں پیش کرتے ہیں -

[شری پیر محمد خان]

آپ ایکشن کمیٹی کے ممبران کو دیکھینگے تو اس میں ۱۲ یا تھوڑے آدمی ہیں اور جس میں اکثریت میر واعظ محمد یوسف کے رشتہ داروں کی ہے اور باقی آدمی پرو پاکستانی پارٹیز کے ہیں جو مسلم پولیٹیکل کانفرنس اور پلیبیسائٹ فرنٹ کے ممبر ہیں - اس ایکشن کمیٹی میں ایک آدمی بھی نیشنل کانفرنس کا نہیں ہے - بخشی صاحب نے اس ایکشن کمیٹی کے کاموں کو چلنے نہیں دیا اور حکومت میں ۱۹۴۷ع سے لے کر آج تک اس قسم کے ایلیمنٹس کو ابھرنے نہیں دیا - یہی ان کا قصور ہے جس کی وجہ سے انہیں بدنام کیا جا رہا ہے - آج ان کو مذاقاً آہنی آدمی کہہ رہے ہیں - یہی تھوڑے عرصہ پہلے صحیح طور پر آہنی آدمی تھے اور ان کی تعریف کرتے تھکتے نہیں تھے - خوش قسمتی سے ہوم منسٹر صاحب نے ۱۲ تاریخ کو راجیہ سبھا میں یہ بتایا کہ اس موئے مبارک کی چوری میں نیشنل کانفرنس کا کوئی ہاتھ نہیں تھا ۔ اس میں ایک سے زیادہ آدمی ہیں اور ابھی ممکن ہے کہ اس سلسلہ میں کچھ گرفتاری اور کرنی پڑے - نندا صاحب نے آج یہ بھی کہا ہے کہ دو تین دن میں اصلی کلپرٹس کے نام بتادونگا اور اعتراض کنندگان کے متعلق معاملہ روشن ہو جائے گا کہ ان پروپیگنڈا کہاں تک صحیح ہے اور پھر بھی آہنی آدمی فولادی آدمی بن جائیں گے -

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think you have taken enough time. Please wind up.

شری پیر محمد خان: پہلے اسپیکر کو کافی ٹائم دیا گیا - اس لئے مجھے تھوڑا وقت اور ملنا چاہئے - تو میں کہہ رہا تھا -

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have taken nearly half an hour.

شری پیر محمد خان: تو میں کہہ رہا تھا کہ اعتراض کرنے والے نہ گھبرائیں دو تین دن میں دودھ اور پانی الگ ہو جائے گا - اور مرد آہنی کی پوزیشن آپ کو اچھی طرح معلوم ہو جائے گی - پارلیمنٹ میں اس طرح سے توہین آمیز باتیں کرنا پارلیمنٹ کے رولس کے خلاف ہے - اس طرح کی باتیں کرنا بے جا ہے بجا نہیں - اس کے بعد میں موشن آف تھینکس کی تائید کرتا ہوں اور آپ کا شکریہ ادا کرنا چاہتا ہوں کہ آپ نے مجھے بولنے کا موقعہ عنایت کیا -

شری ایم - این - انور (مدراس): میں آپ سے ایک سوال کر سکتا ہوں کہ اس نازک دور میں بخشی غلام محمد اور عبدالرشید وہ کہاں تھے - اور وہ میدان چھوڑ کر کدھر چلے گئے -

تو کیا مولانا مسعودی صاحب نے ہی اس نازک سچویشن کو سنبھالا تھا ؟

شری پیر محمد خاں : مجھے اجازت ہو تو میں ان کا جواب دے دوں - میں نے جس وقت جواب دیا تھا اس بات کا اس وقت انہوں نے فالو نہیں کیا - میں نے کہا تھا کہ لوگوں میں یہ بات پھیلائی گئی اس ایکشن کمیٹی کی جس میں تقریباً سینٹ پرسینٹ پرو پاکستانی ایلیمنٹ شامل ہیں اور انہوں نے موقعہ کا فائدہ اٹھایا ہے - انہوں نے لوگوں کے کان پھونکا کہ یہ سب کچھ بخشی نے اور نیشنل کانفرنس نے کرایا ہے -

†[**श्री पीर मुहम्मद खान** (जम्मू और काश्मीर): वाइस चैयरमैन साहब मैं प्रेजिडेंट साहब के एडरेस पर जो वोट आफ थेंक्स का मोशन आया है इसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। मैं ज्यादातर काश्मीर के मुतल्लिक अपने ख्यालात का इजहार करूंगा लेकिन पहले चाइना के मुतल्लिक भी थोड़ा कहना चाहता हूं। चाइना के मुतल्लिक एक पालिसी ही काम आयेगी कि हम अपने आपको मजबूत करें और अपना इलाका वापस लें। पाकिस्तान के मुतल्लिक जो कुछ सिक्यूरिटी कौंसिल में हो रहा है उसको देखने के बाद और सिक्यूरिटी कौंसिल में जो कुछ पहले हो चुका है उसको ध्यान में रखने के बाद मेरा ख्याल है कि हमें आइन्दा यह करना चाहिये कि अगर पाकिस्तान फिर सिक्यूरिटी कौंसिल में जाये तो हम इस शर्त पर ही वहां जायें कि वह एग्रेशन वेकेट कर दे और जब तक वह एग्रेशन वेकेट न करे तब तक हमें ऐसी मीटिंगों में शामिल नहीं होना चाहिये।

अब मैं काश्मीर के मुतल्लिक कहना चाहता हूं। काश्मीर में ताजा वाकया मुए-मुकद्दस की चोरी का जो हुआ वह कुछ इस तरह हुआ कि इससे दो दिन पहले, गालिबन २४ दिसम्बर, को, किश्तवाड़ में जो कि जम्मू से १५० मील नार्थ वैस्ट की तरफ एक जगह है वहां एक जयारत को आग लगाई गई, उसके ठीक दो दिन के बाद यह मुए-मुकद्दस की चोरी श्रीनगर हजरतबल में हुई और फिर उसके एक दो दिन के बाद जम्मू में एक मन्दिर से दो मूर्त्तियां निकाली गई।

श्री ए० एम० तारिक़ : वाइस चैयरमैन साहब। मै आपकी तव्वजो इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि यह वाकया नही है, यह गलत है।

श्री पीर मुहम्मद खान : आप मेरा वक्त जाया न कीजिये। मुझे कहने दीजिये।

श्री ए० एम० तारिक़ : I rise on a point of order. किश्तवाड़ में किसी जयारत में आग नही लगाई गई यह गलत है।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : तारिक साहब, आप बोल चुके हैं, उनको बोलने दीजिये।

SHRI A. M. TARIQ: He is giving wrong information.

SHRI B. D. KHOBARAGADE (Maharashtra): Congress people should not fight amongst themselves.

SARDAR RAGHBIR SINGH PANJHAZARI (Punjab): How can he say that he is giving wrong information?

श्री पीर मुहम्मद खान : इसके बाद वहां तहकीकात वगैरा शुरू हुई। अब तक वहां वह एलीमेंट जो प्रो-पाकिस्तानी

†[ ] English translation.

[श्री पीर मुहम्मद खान]

था और कुछ डिसग्रेन्टल्ड एलीमेन्ट था उन्होंने मिल कर एक एक्शन कमेटी झटपट बना ली। उनको एक मौका मिला और उस मौके से उन्होंने फायदा उठाना चाहा। किसके खिलाफ? इंडिया के खिलाफ, काश्मीर के खिलाफ तो क्या होना था, इंडिया के खिलाफ फायदा उठाना चाहा। इस एक्शन कमेटी के १२- या १३ मेम्बर हैं और उसमें मेजोरिटी उन मेम्बरस की है जो कि मीर वाज फैमिली के हैं। मीर वाज वह शख्स हैं जो कि पाकिस्तान में हैं। मुस्लिम कांफ्रेंस के १९४७ ई० से पहले प्रेजिडेंट थे और वह पाकिस्तान के साथ रियासत का इलहाक चाहते थे। इसके अलावा मौलवी मसऊदी साहब इसके जनरल सेक्रेटरी और कर्त्ता धर्त्ता हैं। इसके अलावा कुछ प्लेबीसाइट फ्रन्ट और पोलिटिक्ल कांफ्रेंस के आदमी हैं जो कि सब प्रो-पाकिस्तानी हैं। मौलवी मसऊदी साहब वह हैं जो कि शेख अब्दुल्ला साहब के हम-ख्याल हैं और ११ तारीख की सिक्यूरिटी कौंसिल की डिबेट में छागला साहब ने बिल्कुल साफ शब्द में कहा है कि मसऊदी अपोजिशन ग्रुप का आदमी हैं। तो यह एक एक्शन कमेटी बनी और उन्होंने लोगों में यह बात फैलाई कि यह सब कुछ बख्शी साहब ने और उनके साथियों ने कराया है। बीच बीच में यह हवा फैली। एक मुसलमान के सेन्टीमेन्टस को आप जानते हैं कि ऐसी चीज का जब नुकसान हो बड़े फ्लेयर्ड-अप हो जाते हैं। एक तो उस वक्त उन क्लेवर लोगों ने यह फायदा उठाया और झटपट एक धार बख्शी साहब की तरफ मोड़ दी। मास मेन्टैलिटी तैयार की। लोग इकट्ठे हुये, जलसा जलूस हुआ, बड़ा रोना पीटना हुआ, इसकी गुमशुदगी पर। तो इसकी धारा इस तरह फेरदी और इस तरह फेरने पर क्या हुआ? लाल चौक में—बहुत से साहबान ने वह जगह देखी होगी वहां एक जलसा होता है। उनमें जब यह बात फैल गई तो लाल चौक के करीब बख्शी साहब के रिश्तेदारों की जो कुछ इमारतें थी उनको आग लगाई गई। उनको छोड़ दीजिये, वह तो एक प्राइवेट प्रापर्टी थी। फिर उनको उकसाया गया और उन्होंने फिर पुलिस थाना पर हमला करके उसको जला दिया। होम मिनिस्टर साहब ने अपने बयान में जो कि कल उन्होंने दिया साफ बताया है कि फ़ाइरिंग थाना जलाते वक्त हुई और उस वक्त हुई जब कि पुलिस पर बाहर एसाल्ट होना शुरू होगया, फाइरिंग तब हुई, इस तरह फाइरिंग नहीं हुई कि एक आदमी कहता था कि मुझे इन्साफ दो और आगे से उसे पकड कर गोली मार दी, यह बात नही थी। फाइरिंग उस वक्त हुई जब कि एक तो थाना जला रहे थे और दूसरे उस वक्त जिस वक्त की पुलिस पर हमला शुरू हो गया था, तो सेल्फ डिफेंस में फारिग हुई।

खैर यह चीज हुई। अब गवर्नमेंट आफ इंडिया ने स्टेट की हमदर्दी होने की वजह जो कि उसको करना चाहिये था कुछ यहां से इमदाद भेजी। इन्टेलीजन्स ब्रांच के कुछ आफीसर्स और होम सेक्रेटरी वहां गये। तो इन्टेलीजेन्स ब्रांच ने मूए-मुकद्दस को ढूढने में हिस्सा लिया और उसकी तहकीकात में हिस्सा लिया। इस तहकीकात के मुतल्लिक एक दो बयान होम सेक्रेटरी ने दिया तो इस क्लेवर ग्रुप ने लोगों में क्या फैला दिया कि स्टेट गवर्नमेंट मौअतल हो गई है और अब इंडिया गवर्नमेंट ने सारा इतजाम हाथ में ले लिया है। इस तरह से कुछ और फिजा खराब हुई। खैर अब देखना यह है कि एक चीज़ गुम हुई है और पाकिस्तान रेडियो में और वहां के लीडरों के बयान में यह बात आती है कि एक हिन्दू ने चुराया है, गवर्नमेंट आफ इंडिया ने यह कराया है और इस वास्ते कराया है कि मुसलमानों को वहां से नेस्तोनाबुद कर दिया जाये

